RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 रणबीर की मां का रोल निभाने...

वर्ष : 26 | अंक : 06 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

कोहरे का कहर : कई वाहन भिड़े, 3 मरे, 3 दर्जन घायल

लखनऊ (चेतना मंच)। घने कोहरे का कहर आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत प्रदेश के कई स्थानों पर देखने को मिला। कोहरे के कारण कई वाहन आपस में भिड़ गए जिसे दो की मौत हो गई तथा दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

दुर्घटना में पंजाब की दो महिलाओं की मौत हुई है, जबकि 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। मिनी बस सवार मथुरा से पंजाब वापस लौट रहे थे। कई दिन से कोहरे की चादर दिन ढलते ही आसमान में छाने लगती है। कोहरे में एक बार फिर से एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हुआ। मंगलवार रात करीब ढाई बजे एक्सप्रेसवे पर बड़ागांव के पास फर्स्ट लेन के ट्रक को ओवरटेक करते समय मिनी बस टकरा गई। भिडंत इतनी तेज थी कि मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

इतना ही नहीं सवार सभी लोग घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर जिले भर से चार एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। घायलों ने बताया कि वे सभी पंजाब में नबासर से बालचोर निवासी हैं। घूमने के लिए मथुरा वृंदावन गए थे। घायलों में कामला पुत्री देवेंद्र, नीलम कुमारी पुत्री तरसेम, कांता रानी पत्नी जयपाल, नेहा पुत्री अनिल कुमार, अमन पुत्र गुरदीप, निशु पत्नी मनीष कुमार, रीना रानी पत्नी रोहित कुमार, कुलवंत सिंह पुत्र बलवीर सिंह, मनीषा रानी पत्नी सुरेश कुमार, ईशा रानी पुत्री सतीश कुमार, ध्रुव पुत्र मनीष कुमार सभी घायल है। डॉक्टर ने जांचकर सीमा पत्नी सतीश कुमार व मनदीप पत्नी बकसीस को मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

यमुना एक्सप्रेस-वे पर 20 वाहन टकराए

जेवर (चेतना मंच)। दिल्ली-एनसीआर में आज बुधवार की सुबह वातावरण में घने कोहरे की चादर छाई हुई है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर इसका असर भी देखने को मिला है। ताजा जानकारी के मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे पर सुबह नोएडा से आगरा की ओर जाने वाली लेन पर दयानतपुर गांव के समीप 20 वाहन एक दूसरे से टकरा गए। इससे मौके पर लंबा जाम लग गया।

आज सुबह कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर कई वाहन टकरा गए। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह करीब आठ बजे जेवर थाना क्षेत्र के दयानतपुर इलाके में एक्सप्रेसवे के आगरा से नोएडा लेन पर हुई है।

घटना में किसी भी व्यक्ति को बड़ी चोट नहीं आई है, जबकि घायलों की संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि अधिकांश क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटा

दिया गया है और इस मार्ग पर सामान्य यातायात फिर से शुरू हो गया है।

दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से सड़कों पर धुंध और धुआं देखने को मिल रहा है। इस सीजन में पहली बार कई इलाकों में जीरो विजिबिलिटी देखने को मिल रही है। नोएडा एक्सप्रेस-वे पर वाहन चालकों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सुबह 6 बजे सड़कों पर वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते देखे गए। ठंड भी अपना असर दिखा रही है। दिल्ली के सफदरजंग में 50 मीटर और दिल्ली के पालम में 125 मीटर विजिबिलिटी के साथ घना कोहरा छाया है।

मृतका के मुआवजे को लेकर कंपनी में हंगामा, कई महिलाएं बेहोश

सुपरवाइजर पर लगाया मृतक महिला के उत्पीड़न का आरोप

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना कासना क्षेत्र की एक कंपनी में कार्यरत महिला की घर पर हुई मौत के बाद साथी कर्मचारियों ने आज मुआवजे की मांग को लेकर कंपनी में जमकर हंगामा किया। कंपनी कर्मचारियों को आरोप था कि सुपरवाइजर के प्रताड़ना से महिला की मौत हुई है। हंगामा के दौरान कंपनी में काम करने वाली कई महिलाएं बेहोश हो गई जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मूल रूप से ग्राम इकबालपुर जनपद मऊ निवासी (42 वर्षीय) राजमती पत्नी (शेष पृष्ठ-4 पर)

व्यवसायिक पार्टनर बनाने का झांसा देकर करोड़ों हड़पे

नोएडा (चेतना मंच)। व्यापार में पार्टनर बनने का झांसा देकर जल साथ पिता-पुत्र ने तीन व्यक्तियों से करोड़ों रुपए लेकर हड़प लिए। आरोपियों द्वारा पार्टनरशिप डीड न किए जाने पर पीड़ितों ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी।

सेक्टर-4 निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-4 में ज्वेलरी का कार्य करते है। उनकी जान पहचान मॉडल टाउन दिल्ली निवासी अरविंद महेश्वरी तथा उनके बेटे अक्षय माहेश्वरी से थी। व्यापार के सिलसिले में इन लोगों से उसका मिलना जुलना होता रहता था। प्रदीप कुमार गुप्ता के मुताबिक कुछ समय पूर्व अरविंद माहेश्वरी ने ने बताया कि उसे व्यापार में घाटा हो गया है और वह उनके साथ उनके व्यापार में पैसा निवेश कर पार्टनरशिप कर ले। अरविंद माहेश्वरी तथा उनके बेटे अक्षय माहेश्वरी ने उन्हें बेहतर रिटर्न का विश्वास दिलाकर व्यापार में 10 करोड रुपए निवेश करने का प्रस्ताव रखा। प्रदीप कुमार गुप्ता के मुताबिक पुरानी जान पहचान होने के कारण वह पार्टनरशिप करने के लिए तैयार हो गया उसने स्वयं तथा अपने साथी राजेश अग्रवाल के साथ मिलकर पिता पुत्र को 2 करोड़ 97 लाख रुपए मूल्य की ज्वेलरी तथा 53 लख रुपए नगद दिए। कुछ समय पश्चात उसने अपने दूसरे साथी अंकित गर्ग के साथ मिलकर अरविंद माहेश्वरी तथा अक्षय महेश्वरी को 3 करोड रुपए की ज्वेलरी (शेष पृष्ठ-4 पर)

13 जुआरी गिरफ्तार, 90 हजार की नकदी व जेवरात बरामद

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना कासना पुलिस ने एक कबाड़ी की दुकान पर छापा मारकर जुआ खेल रहे 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 90000 रूपये की नगदी व दांव पर लगे जेवरात बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडेय ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि एक कबाड़ी की दुकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत छापा मारकर मौके से 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से दांव पर लगे 90 हजार रूपए, सोने के चार कंगन, एक चेन तथा एक अंगूठी भी बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से गगन, हरदेश, भाई जान, आशु, आरिफ, आमिर उर्फ बौना, मुन्ना, मोनीश, इमरान, सलमान, मोहम्मद दानिश, शकील तथा अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने बताया कि नगदी कम होने के कारण वह अपने जेवरात दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डिवाइडर से टकराई कार, चालक की मौत

नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-1 के पास तेज गति में आ रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-1 स्थित गेल कंपनी के पास तेज गति में आ रही एक कर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में (शेष पृष्ठ-4 पर)

स्कूलों में छुट्टियां घोषित

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा समेत पूरे यूपी में स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई है। सरकार की इस घोषणा के बाद लाखों नौनिहालों तथा उनके अभिभावकों को कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी।

आपको बता दें कि बुधवार से कड़ाके ठंड पड़ने के साथ ही जबरदस्त कोहरा भी पड़ना शुरू हो गया है। कोहरे के कारण यूपी के अलग अलग हिस्सों में सड़क हादसे भी हो चुके हैं। कोहरा और ठंड के प्रकोप के चलते स्कूल कालेजों में छात्र छात्राओं की उपस्थित पर भी प्रतिकूल असर दिखाई दे रहा है। सर्दी और कोहरे को देखते हुए यूपी के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शरदकालीन छुट्टियां घोषित करने का ऐलान किया है। यूपी के शिक्षा निदेशालय के (शेष पृष्ठ-4 पर)

नामी कंपनियों के नकली गीजर बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। कड़ाके की ठंड में अगर आप गर्म पानी से नहाने के लिए ब्रांडेड गीजर खरीद कर बाजार से ला रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ऐसा ना हो कि आपके द्वारा बाजार से खरीदा गया गीजर नकली हो। कुछ दुकानदार

लोकल गीजरों पर ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर लगाकर उन्हें बाजार में बेच रहे हैं। थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-15 स्थित गुलमोहर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की एक दुकान से विभिन्न नामी कंपनियों के नकली गीजर बरामद हुए हैं। स्पीड सर्च सिक्योरिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के ऑपरेशन मैनेजर सुमित आर्य ने थाना फेस-1 पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी कंपनी को मैसेज उषा इंटरनेशनल लिमिटेड वी-गार्ड इंडस्टरीज लिमिटेड पॉलिसी इंडिया (शेष पृष्ठ-4 पर)

इंस्टाग्राम की स्टोरी पर की अभद्र टिप्पणी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अगर आप इंस्टाग्राम पर अपनी अथवा अपने परिवार की स्टोरी लगा रहे हैं तो संभल जाइए ऐसा ना हो कि आपको परेशानी उठानी पड़े। ऐसा ही एक मामला थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में प्रकाश में आया है। एक युवती के इंस्टाग्राम पर लगी स्टोरी का स्क्रीनशॉट लेकर अज्ञात युवक ने उसे अभद्र टिप्पणी के साथ अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर लगा लिया। युवती ने थाना ईकोटेक-3 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से ग्राम कुरावली जनपद मैनपुरी निवासी फिरदौस (शेष पृष्ठ-4 पर)

कपड़े सुखाने के विवाद में दांत से अंगुली काट डाली

नोएडा (चेतना मंच)। सदरपुर कॉलोनी में सूखने के लिए धूप में डाले गए कपड़ों को जमीन पर गिराने के विवाद में एक महिला के साथ पड़ोसी महिलाओं ने मारपीट की। मारपीट के दौरान हमलावर महिला ने पीड़ित महिला की उंगली दांत से काटकर अलग कर दी। सदरपुर कॉलोनी निवासी मोहर सिंह के मकान में रहने वाली जयमंती ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों में अपने घर की किचन में काम कर रही थी। इस दौरान उसके पड़ोस में रहने वाली मंजू ने बाहर धूप में सूख रहे उसके कपड़ों को जमीन पर गिरा दिया। उसने जब इस बात पर आपत्ति की तो मंजू उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। इस दौरान मंजू उसकी बहन नीतू और शिवम जबरन उसके घर में घुस आए और उसे बाल पकड़ कर बाहर घसीट लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जयमंती का आरोप है कि मंजू ने दांत से उसकी उंगली काटकर अलग कर दी। झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोगों ने किसी तरह उसे तीनो के (शेष पृष्ठ-4 पर)

प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शोक जताया

नोएडा (चेतना मंच)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. शर्मा के निधन पर महासभा के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने बताया कि बीते 15 दिसंबर को उत्तराखंड राज्य के अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आर के शर्मा का निधन हो गया था। उनके निधन से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है। संगठन ने एक बेहतर व्यक्ति को हमेशा के लिए खो दिया है जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। उन्होंने स्वर्गीय आरके शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री शर्मा ने बताया कि आरके शर्मा हाल ही में 10 और 11 दिसंबर को उनके साथ अयोध्या में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में भी शामिल हुए थे।

दादरी में रेलवे की अर्थिंग केबल चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा गांव के पास अज्ञात चोरों ने रेलवे लाइन में लगी अर्थिंग केबल को चोरी कर लिया। इस संबंध में नॉर्दर्न सेंट्रल रेलवे के जेई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

नॉर्दर्न सेंट्रल रेलवे के जेई/टीआरडी राजेश मीणा ने दर्ज का रिपोर्ट में बताया कि घोड़ी बछेड़ा गांव के पास स्थित 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन है। बीते दिनों अज्ञात चोरों ने रेलवे लाइन के पास लगी अर्थिंग केवल को चोरी कर लिया रेलवे कर्मियों ने बीते 21 दिसंबर को उन्हें चोरी की घटना की जानकारी दी थाना प्रभारी ने बताया कि जेई की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

नोएडा में अब शीघ्र बनेगा राज्य अतिथिगृह

सेक्टर-148 में 11040 वर्गमीटर जमीन आवंटित

नोएडा (चेतना मंच)। लोगों की मांग के मददेनजर नोएडा प्राधिकरण ने अब यहां पर राज्य अतिथि गृह बनाने को हरी झंडी दे दी है।

ये अतिथि गृह सेक्टर-148 में करीब 11 हजार 40 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जाएगा। ये जमीन उप्र शासन को आवंटित की जा रही है। इसका डिजाइन प्रदेश सरकार बनाएगी और निर्माण नोएडा प्राधिकरण कराएगा। नोएडा प्राधिकरण की 213वीं बोर्ड में ये निर्णय लिया गया है।

दरअसल अभी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री-अफसरों का नोएडा-ग्रेटर नोएडा में ठहरने का कोई सरकारी ठिकाना नहीं है।

काल्पनीक फोटो

प्रदेश के बाकी शहरों की तरह यहां पर कोई सर्किट हाउस भी नहीं है। नोएडा में सेक्टर-38 में बिजली घर का गेस्ट हाउस है लेकिन वह न तो ज्यादा बड़े एरिया में है और न ही अधिक सुविधाएं हैं।

इसके अलावा प्राधिकरण ने अपने स्तर से कुछ कोठियां ले रखी है, जिनमें प्राधिकरण से जुड़े कामकाज के लिए आने वाले अधिकारियों को ठहरा या जाता है। वीवीआईपी आने पर उन्हें होटल में ठहराया जाता है। वहीं ग्रेटर नोएडा में गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी जहां पर मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री ठहरते हैं। दिल्ली में यूपी भवन बना हुआ है जहां मंत्री ठहरते हैं। अब नोएडा में ही अतिथि गृह बनाने के लिए यूपी सरकार ने नोएडा प्राधिकरण से जमीन चिह्नित करने को कहा था। जिसे पश्चिमी यूपी का मिनी सचिवालय भी कहा जा सकता है।

सरकार के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण ने 45 मीटर रोड पर सेक्टर-148 बिजली घर से लगी हुई 11 हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की है। इसके पास ही सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन है। यह जमीन प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त है। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन के पास बेहतर लोकेशन है। यहां से एक तरफ बहुत कम समय में दिल्ली और दूसरी तरफ यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए यूपी के विभिन्न हिस्सों में पहुंचा जा सकता है।

अफ्रीकी छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के शारदा इंस्टिट्यूट के हॉस्टल में रहने वाले अफ्रीकी मूल के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में पड़ा हुआ मिला है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। मूलरूप से अफ्रीका निवासी विक्टर अल्फ्रेड शारदा विश्वविद्यालय का छात्र था। वह शारदा विश्वविद्यालय में बने हॉस्टल में रह रहा था। किसी कार्य से उसके साथी छात्र उसके कमरे में पहुंचे तो उन्हें वह बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, कई घायल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा क्षेत्र के मेहंदी बांगरपुर गांव में बच्चों के विवाद में बड़े आमने-सामने आ गए और छोटे से विवाद ने बड़ा रूप धारण कर लिया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मौजूद लोगों के साथ जमकर मारपीट की मारपीट में कई लोग घायल हो गए। इस संबंध में 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम मेहंदी बांगरपुर निवासी खुर्शीद तथा पड़ोस में रहने वाले फारूक के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर आपसे कहा सुनी हो गई। जब यह मामला बड़ों के बीच पहुंचा तो वह भी आपस में उलझ बैठे खुर्शीद का आरोप है कि। वह अपने घर पर चाय पी रहे थे इस दौरान फारूक फरीद औरंगज़ेब मेहरुद्दीन वासिल कालू चंदू जरीफ आमिर जुबेर भरा नजाकत लाठी डंडों वह धारदार हथियार से लैस होकर उसके घर में घुस आए और महिलाओं से गाली-गलौज करने लगे। परिजनों ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों में धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में नसरीन, जमशेद, आरिफ सहित कई लोग घायल हो गए। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित (शेष पृष्ठ-4 पर)

खिलाड़ी 'राष्ट्रदूत'

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ की 'दबदबे' वाली टीम को निलंबित कर दिया। मान्यता छीन ली गई। कुश्ती के नेपथ्य से जो दबदबा झांक रहा था, उसे भी हवा कर दिया गया। बहुत देर से फैसला लिया गया, लेकिन वह सटीक और न्यायिक कहा जा सकता है। कमोबेश वे पहलवान देश के सामने रोते हुए, प्रताड़ित और आक्रोशित नहीं दिखने चाहिए, जिन्होंने ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीते थे। वे आज भी देश की आन, बान, शान हैं। उन्होंने खेल के मैदान पर 'तिरंगे' का सम्मान कमाया और जिया है। समझ नहीं आता कि एक तरफ खिलाड़ी 'राष्ट्रदूत' हैं और दूसरी तरफ उनके साथ यौन-व्यभिचार की कोशिशें की जाती रही हैं। देश की सत्ता ने यह नौबत ही क्यों आने दी? एक सांसद और कुश्ती संघ के अध्यक्ष का इतना दबदबा कैसे संभव है? यह लोकतंत्र है या अनाचार का कोई अड्डा..! कमोबेश मोदी सरकार में ऐसी निरंकुशता और उत्पीडऩ कतई अस्वीकार्य है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनावों का आडंबर जरूर रचा गया था, लेकिन 'बाहुबली अध्यक्ष' की टीम ही चुनी गई थी, लिहाजा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के 'दबदबे वाले पोस्टर' चिपकाए गए थे। खेल मंत्रालय के निलंबन आदेश के बाद स्पष्टीकरण शुरू हुए कि कुश्ती से अब उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह कुश्ती से रिटायर हो चुके हैं। 'दबदबे वाले पोस्टर' से अहंकार की बू आती थी, लिहाजा उन्हें हटवा दिया गया।' ऐसे स्पष्टीकरण इसलिए दिए जा रहे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव करीब हैं। नया जनादेश लेना है। लोकतंत्र ने दबदबे और यौनाचार वाले बाहुबलियों की ताकत को निचोड़ कर रख दिया है। देश की संवेदनाएं और सहानुभूतियां 'पद्मश्री' लौटाते बजरंग पुनिया, कुश्ती से आंसू भरी विदाई लेती साक्षी मलिक और रोती-सुबकती विनेश फोगाट के प्रति रही हैं। देश ने उन्हें सम्मानित किया था, प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अपना परिवार माना था, उनकी ही आंखों में आंसू हैं या वे सडक़ पर न्याय मांग रहे हैं, तो सत्ता मौन और तटस्थ क्यों है? यौन-उत्पीडऩ का न्याय कब मिलेगा? दरअसल हमारी पूरी व्यवस्था में ही संशोधन की गुंजाइश है। कुश्ती संघ का निलंबन ही पर्याप्त नहीं है। ब्रजभूषण के नापाक मंसूबों और हरकतों के मद्देनजर जो जांच जारी है और आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया जा चुका है, सरकार उसमें हस्तक्षेप करे और दबदबों को एक निश्चित निष्कर्ष तक पहुंचाए। कमोबेश हमारे पदकवीर खिलाड़ी पीड़ित या शोषित नहीं होने चाहिए। उन्होंने देश और कुश्ती के लिए अपना बचपन और यौवन सब कुछ झोंक दिया है, तब ओलंपिक पदक नसीब हुए हैं। क्या किसी एक जमात की हवस और उनके दबदबे के लिए खेल और खिलाडिय़ों की बलि दे दी जाए? दरअसल राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 ऐसी कानूनी बाध्यता है, जिससे सभी खेल संघ जुड़े हैं और उन्हें जवाबदेह बनाते हैं। खेल संघों में एकाधिकार की स्थिति है, लेकिन वे सार्वजनिक चंदा या आर्थिक मदद भी स्वीकार करते हैं। चुनाव के बावजूद कुश्ती संघ का दफ्तर ब्रजभूषण के सांसद निवास से ही चल रहा था। इसी जगह महिला पहलवानों का यौन उत्पीडऩ किया जाता था, ऐसे आरोप लगाए गए हैं। यानी चुनाव के बाद भी सत्ता का ढांचा यथावत ही रहा। इसके अलावा जूनियर पहलवानों की प्रतियोगिता को लेकर दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया, लिहाजा संघ के संविधान के उल्लंघन पर निलंबित किया गया। अब भारतीय ओलंपिक संघ को ही दायित्व सौंपा गया है कि वह एक तदर्थ समिति बनाए, जो कुश्ती संघ के कामकाज को देखे। यह अस्थायी व्यवस्था है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा यौन उत्पीडऩ का है। महिला पहलवानों के कुछ बेहद निजी, गंभीर आरोप मीडिया में छपे हैं, लेकिन अदालत का निर्णय ही पहलवानों को न्याय दे सकता है। यह फास्ट कोर्ट के स्तर पर किया जाना चाहिए था, ताकि फैसला लोकसभा चुनाव से पहले आ सके और दबदबे वाली राजनीति प्रभावित हो सके।

पाकिस्तान के अपने कर्मों ने ही तालिबान को बना दिया है उसका दुश्मन

हाल ही में एक नाटकीय खुलासा हुआ कि कुख्यात हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख और तालिबान की अंतरिम सरकार में गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के पास पाकिस्तानी पासपोर्ट था और उसे रद्द कर दिया गया है। यह घटनाक्रम थोड़ा अजीब था क्योंकि हक्कानी नेटवर्क को पाकिस्तान का पुराना सहयोगी माना जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय देखने में आया है की पाकिस्तान और उसके चहेते हक्कानी नेटवर्क के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। सिराजुद्दीन हक्कानी ने पाकिस्तान की अफगान नीतियों की आलोचना की जैसे- उन्होंने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निष्कासित करने के पाकिस्तान सरकार के फैसले को गैरइस्लामिक बताया। कई विश्लेषकों का मानना है कि हक्कानी का पाकिस्तानी पासपोर्ट रद्द कर के तालिबान शासन को कड़ा संदेश देने की कोशिश की गयी। पिछले महीने अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि आसिफ दुर्रानी ने अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा था कि अफगानों को पाकिस्तान या टीटीपी को चुनना होगा। पिछले कुछ समय से इस्लामाबाद और काबुल के बीच तापमान बढ़ रहा है। टीटीपी पर लगाम लगाने से इंकार करके, पाकिस्तान का मानना है कि मौजूदा अफगान शासन ने पहले ही अपनी पसंद बना ली है। और अब इस्लामाबाद पाकिस्तान से लाखों अफगान शरणार्थियों को बाहर निकाल कर, प्रमुख सीमा मार्ग बंद करके और हाल के महीनों में अफगान पारगमन माल को अस्थायी रूप से रोककर अफगान तालिबान को मजबूर करने की कोशिश कर रहा है। अफ़ग़ान-पाक क्षेत्र पर नज़र रखने वाले कई विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान और तालिबान के बीच संबंध, जो दशकों से करीबी सहयोगी के रहे हैं, संकट के बिंदु पर पहुंच गए हैं तनाव के और बढ़ने से दोनों देशों के सुरक्षा और आर्थिक हितों को नुकसान हो सकता है।

वर्तमान में, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच विवाद का मुख्य कारण तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) है जिसे पाकिस्तानी तालिबान के नाम से अधिक जाना जाता है, लेकिन अन्य कारण भी हैं जो द्विपक्षीय संबंधों को खराब करने में योगदान दे रहे हैं। आइए इन पर एक नजर डालें।

गहरा अविश्वास- तालिबान पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में काम करना या दिखना भी नहीं चाहता। उन्हें अब पाकिस्तानी सरकार विशेषकर उसके सैन्य प्रतिष्ठान पर भरोसा नहीं है, क्योंकि अमेरिकी दबाव के कारण वह जल्द ही दुश्मन बन गया और तालिबान नेताओं को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंपने की हद तक चला गया। पाकिस्तान के इस विश्वासघात को तालिबान ने हमेशा याद रखा और नाराजगी जताई। जब अमेरिकी सेनाएं अफगानिस्तान में थीं, तब तालिबान ने राजनीतिक सुविधा और पनाहगाहों की आवश्यकता के कारण पाकिस्तान के साथ संबंध बहाल किए और बनाए रखे। लेकिन अब पनाहगाहों की जरूरत नहीं है, इसलिए तालिबान को अपने अस्तित्व के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहने की कोई जरूरत नहीं है।

सीमा विवाद- पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव का एक और महत्वपूर्ण कारण अफ-पाक सीमा है जिसे आमतौर पर डूरंड रेखा के रूप में जाना जाता है। तालिबान, सभी पूर्ववर्ती अफगान सरकारों की तरह, डूरंड रेखा को दोनों देशों के बीच की सीमा के रूप में मान्यता देने के लिए तैयार नहीं है। वास्तव में, पाकिस्तानी सेना और तालिबान बलों के बीच सीमा पर झड़पों की एक श्रृंखला हुई है, एक ऐसा घटनाक्रम जिसने शुरू में कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था।

पाकिस्तान द्वारा शांति वार्ता का शोषण- पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अफगान तालिबान ने टीटीपी और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ के रूप में काम किया और काबुल में शांति वार्ता की मेजबानी की। हालाँकि, टीटीपी के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने जो दोहरी भूमिका निभाई, उससे अफगान तालिबान नाराज हो गया। पाकिस्तान ने टीटीपी के वरिष्ठ कमांडरों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए बातचीत का इस्तेमाल एक जाल के रूप में किया और अफगानिस्तान के अंदर उनमें से कई को निशाना बना के मारा गया।

पाकिस्तान का आर्थिक ब्लैकमेल- पाकिस्तान हमेशा से चाहता है कि अफगानिस्तान आर्थिक रूप से उस पर निर्भर रहे। अफ़ग़ानिस्तान एक ज़मीन से घिरा देश है और इसका अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पाकिस्तान के कराची बंदरगाह के माध्यम से होता है। अफ़गानों की इस निर्भरता को पाकिस्तान पहले भी कई बार ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर चुका है। हाल ही में पाकिस्तानियों ने अफगानिस्तान जाने वाले आयात से भरे हजारों कंटेनरों के पारगमन को अस्थायी रूप से रोक दिया था, जो महीनों से कराची के बंदरगाह शहर में फंसे हुए थे। वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग खोलने के लिए तालिबान ने देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित ईरान के रणनीतिक चाबहार बंदरगाह तक पहुंच के लिए ईरानियों से संपर्क किया है।

रणनीतिक विविधता- तालिबान शासन क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण प्रमुख शक्तियों के साथ कामकाजी संबंध स्थापित करके अपने भूराजनीतिक पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहता है। यही कारण है कि तालिबान ने पारंपरिक रूप से अपेक्षाकृत मधुर भारत-अफगानिस्तान संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश की है। तालिबान अधिकारियों (जिनमें कभी भारतीय ठिकानों पर हमलों में शामिल लोग भी शामिल थे) ने भारतीय कंपनियों से रुकी हुई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम फिर से शुरू करने का अनुरोध किया है, जिस पर नई दिल्ली सक्रिय रूप से विचार कर रही है। इससे पाकिस्तानी नीति निर्माताओं में चिंता बढ़ रही है।

काबुल में अत्यधिक निर्भर सरकार बनाने का इस्लामाबाद का दीर्घकालिक उद्देश्य अब अंततः धराशायी हो गया है। जैसा कि वर्तमान में सत्तारुढ़ तालिबान शासन के साथ है, जो पाकिस्तान को कोई रणनीतिक लाभ प्रदान करने या सुरक्षा में योगदान देने के बजाय, इस्लामाबाद के लिए एक चिंताजनक राह का कांटा बन गया है। अफगान तालिबान को मजबूर करने के लिए पाकिस्तान अफगान शरणार्थियों को बाहर निकालने जैसे एकतरफा फैसले ले रहा है, लेकिन इन कदमों से काबुल में पाकिस्तान के लिए अभी भी बची हुई थोड़ी-सी राजनयिक सद्भावना खत्म हो जाएगी। दूसरी ओर, यह अफगानिस्तान में पहले से ही व्याप्त पाकिस्तान विरोधी जनमत को और भी प्रबल करेगा। इस्लामाबाद में नीति निर्माताओं को यह स्वीकार करना चाहिए कि उनकी अफगान नीति बुरी तरह विफल रही है और इसमें सुधार की आवश्यकता है।

-मनीष राय

पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अफगान तालिबान ने टीटीपी और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ के रूप में काम किया और काबुल में शांति वार्ता की मेजबानी की। हालाँकि, टीटीपी के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने जो दोहरी भूमिका निभाई, उससे अफगान तालिबान नाराज हो गया।

सुरक्षा चूक के बहाने नए संसद भवन पर सवाल

22 वर्ष पूर्व भारत की संसद पर आतंकवादी हमले की वरसी के दिन कुछ लोगों द्वारा पुन: आक्रमण के बाद, विपक्षी दलों ने फिर से नए संसद भवन पर सवालिया निशान लगाने शुरू किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी नए संसद भवन की आलोचना विपक्षी दल करते रहे हैं। कुछ माह पूर्व जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया था तो भी विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के साथ-साथ पूरी की पूरी सेन्ट्रल विस्टा पुनर्निर्माण परियोजना की यह कहकर आलोचना की थी कि इस परियोजना में भारत जैसे देश में क्या 13450 करोड़ रुपए से 20000 करोड़ रुपए तक का कुल खर्च करना औचित्यपूर्ण है? उनका कहना था कि क्या इस धनराशि का उपयोग शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरी मदों पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए। आलोचकों का यह भी कहना रहा है कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए कई इमारतों को गिराना पड़ेगा और कई पेड़ों को भी काटना पड़ेगा, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होगा। इसके अलावा आलोचकों का यह भी कहना रहा है कि सरकार ने इस परियोजना को जल्दबाजी में लागू किया है और पर्यावरण पर पडऩे वाले इसके प्रभावों का भी सही आकलन नहीं किया गया। 13 दिसम्बर को हुई सुरक्षा चूक और उसके साथ दर्शकदीर्घा से कूदकर शरारती तत्वों का संसद कक्ष में घुसने को लेकर अब विपक्षी दलों का यह तर्क भी नए संसद भवन की आलोचना में शामिल हो गया है, कि नई संसद सुरक्षा की दृष्टि से भी सही नहीं है। यहां सवाल यह उठता है कि सेन्ट्रल विस्टा पुनर्निर्माण योजना की क्या जरूरत थी। गौरतलब है कि अंग्रेजी हुकूमत के दौरान दिल्ली में ब्रिटिश आर्किटेक्ट एडविन लुटियन्स और हर्बट बेकर के डिजाईन पर आधारित नई दिल्ली की प्रशासनिक इमारतों का निर्माण 20वीं सदी में किया गया था, जिसे सेन्ट्रल विस्टा के नाम से भी जाना जाता है।

देश की कई महत्वपूर्ण इमारतें जिसमें राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक शामिल हैं, इस सेन्ट्रल विस्टा का हिस्सा रही हैं। ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य इन इमारतों के जरिए एक नई राजधानी का निर्माण था, जो उनकी साम्राज्यवादी शक्ति का एक प्रतीक बने। वैसे देखा जाए तो सेन्ट्रल विस्टा को एक भव्य नवशास्त्रीय शैली में बनाया गया था, जिसमें बड़े-बड़े बाग, फुव्वारों के साथ-साथ कई मूर्तियां स्थान-स्थान पर स्थापित की गई थी। सेन्ट्रल विस्टा की एक प्रमुख विशेषता राजपथ (जिसे अब कर्त्तव्य पथ के नाम से जाना जाता है) रही, जो एक ऐसा मार्ग था जो राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक जाता है। यह मार्ग गणतंत्र दिवस परेड समेत भारत के कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों के लिए उपयोग किया जाता रहा है। लंबे समय से सेन्ट्रल विस्टा एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल रहा है, जो अपनी भव्य वास्तुकला और प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी में इसकी भूमिका के लिए जाना जाता है। कुल मिलाकर सेन्ट्रल विस्टा भारत में ब्रिटिश शासनकाल या यूं कहें कि साम्राज्यवाद के प्रतीक चिन्हों में से एक है। लेकिन शायद इसकी भव्यता और वास्तुकला के मद्देनजर स्वतंत्र भारत में किसी भी सरकार ने सेन्ट्रल विस्टा में किसी भी प्रकार के फेरबदल के बारे में विचार नहीं किया। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद इस विषय में विचार किया जाना शुरू हुआ कि दिल्ली राजधानी में समय के साथ संसदीय कार्यकलापों, विभिन्न मंत्रालयों और शासकीय विभागों की जरूरतों में बड़ा विस्तार हुआ है। इन जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के इस सेन्ट्रल विस्टा परिसरों में बड़े विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही थी।

सेंट्रल विस्टा परियोजना की राजनीति एवं अर्थशास्त्र = भारत सरकार के सेन्ट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत नए संसद भवन, साझा केन्द्रीय सचिवालय, उपराष्ट्रपति एन्कलेव का निर्माण, राष्ट्रीय संग्राहलय का जीर्णोद्धार, विज्ञान भवन का नवीनीकरण और विस्तार आदि शामिल किया गया है। केन्द्र सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि सरकार के जितने भी विभागों और मंत्रालयों के कार्यालय किराए के भवनों में चलते हैं, उन्हें इस सेन्ट्रल विस्ता परियोजना के तहत निर्मित किए जा रहे भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि भारत सरकार के कई कार्यालय वर्तमान में दिल्ली में 100 किराए के भवनों में काम कर रहे हैं। इन पर वर्तमान में लगभग 1000 करोड़ रुपए का वार्षिक किराया दिया जाता है और ये सभी कार्यालय शहर के अलग-अलग हिस्सों में फैले हुए हैं। एक तरफ सरकार का बहुमूल्य राजस्व इन किराए के भवनों पर खर्च होता रहा है, तो दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय जाने में कठिनाई तो होती ही है, उसमें समय की भी काफी बर्बादी होती है। वर्तमान में भारत के लोकसभा में कुल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की 3 सीटों को मिलाकर, 545 सीटें हैं और राज्यसभा की 245 सीटें हैं। वर्ष 2026 में लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किया जाना है। ऐसे में संसद सदस्यों की संख्या बढऩे के कारण ज्यादा स्थान की आवश्यकता होगी। इसके मद्देनजर नई संसद में अधिक स्थान की व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि नए संसद भवन में लोकसभा कक्ष में 888 सीटों और राज्यसभा कक्ष में 384 सीटों का प्रावधान किया गया है। माना जा रहा है कि नया संसद भवन जो भारतीय लोकतंत्र का एक प्रतीक के रूप में एक महत्वपूर्ण इमारत है, जो आगे आने वाली कम से कम एक से दो सदियों के लिए भारतीय संसद की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई गयी है। सरकार के पास भी इन आलोचनाओं के उत्तर में खासे ठोस तर्क हैं।

सरकार का कहना है कि इस परियोजना में केवल संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय और कई महत्वपूर्ण भवनों का नवीनीकरण और विस्तार ही नहीं हुआ है, बल्कि कई नए भवनों का निर्माण भी इसमें शामिल है। इस परियोजना के पूरे होने से केन्द्र सरकार का खर्च बचेगा और उस धन का उपयोग देश के विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा। साथ ही साथ कर्मचारियों को अपने विभिन्न विभागों में आने-जाने की असुविधा से भी बचाया जा सकेगा। उदाहरण के लिए वाणिज्य मंत्रालय के कई विभागों के कार्यालय अन्य स्थानों में थे, अब वे सभी वाणिज्य भवन में स्थानांतरित हो गए हैं। नया संसद भवन कई आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जो पुराने संसद भवन में नहीं थी। कहा जा सकता है कि सेंट्रल विस्ता पुनर्विकास परियोजना के चलते सरकारी कार्यालयों और संसदीय कार्यों में नई सुविधाएं तो निर्मित होंगी ही, सरकारी कामकाज में कुशलता भी आएगी।

सोच यूपीए शासन के दौरान ही शुरू हुई = दिलचस्प बात तो यह है कि नए संसद भवन की इस परियोजना की योजना की सोच यूपीए के शासन काल में ही शुरू हो गयी थी, लेकिन उसको शुरू नहीं किया जा सका था। 2012 में, तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि सांसदों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के लिए एक नई इमारत का निर्माण किया जाए। हालांकि यूपीए सरकार ने इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए कदम नहीं उठाया।

गुलामी के चिन्हों को मिटाने का भी है प्रयास = पुराने सेंट्रल विस्ता की भी अधिकांश इमारतों को यथावत रख कर अथवा उनका नवीनीकरण करते हुए उनको भी उपयोग में लाया जा रहा है, अंग्रेजी साम्राज्यवाद के चिह्नों के स्थान पर आजादी के अमृतकाल में राज पथ के स्थान पर कर्तव्य पथ, पुराने संसद भवन के स्थान पर नया संसद भवन, इंडिया गेट पर स्थित खाली छतरी जहां किसी जमाने में जॉर्ज पंचम की मूर्ति विराजमान थी, में देश के गौरव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति की स्थापना, इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति जिसमें अंग्रेजी हुकूमत के पक्ष में लडऩे वाले सैनिकों के नाम खुदे थे, के स्थान पर अब राष्ट्रीय युद्ध संग्रहालय, देशवासियों के मन में एक नया उत्साह और आत्मविश्वास भरेगा।

-डा. अश्वनी महाजन
कालेज प्रोफेसर

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जब मैं उसे (सूर्यवंश की पुरोहिती का काम) नहीं लेता था, तब ब्रह्माजी ने मुझे कहा था- हे पुत्र! इससे तुमको आगे चलकर बहुत लाभ होगा। स्वयं ब्रह्म परमात्मा मनुष्य रूप धारण कर रघुकुल के भूषण राजा होंगे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

दो0-तब मैं हृदयँ बिचारा जोग जग्य ब्रत दान।
जा कुहँ करिअ सो पैहउँ धर्म न एहि सम आन॥

तब मैंने हृदय में विचार किया कि जिसके लिए योग, यज्ञ, व्रत और दान किए जाते हैं उसे मैं इसी कर्म से पा जाऊँगा, तब तो इसके समान दूसरा कोई धर्म ही नहीं है॥

जप तप नियम जोग निज धर्मा। श्रुति संभव नाना सुभ कर्मा॥
ग्यान दया दम तीरथ मज्जन। जहँ लगि धर्म कहत श्रुति सज्जन॥

जप, तप, नियम, योग, अपने-अपने (वर्णाश्रम के) धर्म, श्रुतियों से उत्पन्न (वेदविहित) बहुत से शुभ कर्म, ज्ञान, दया, दम (इंद्रियनिग्रह), तीर्थस्नान आदि जहाँ तक वेद और संतजनों ने धर्म कहे हैं (उनके करने का)- ॥

आगम निगम पुरान अनेका। पढ़े सुने कर फल प्रभु एका॥
तव पद पंकज प्रीति निरंतर। सब साधन कर यह फल सुंदर॥

(तथा) हे प्रभो! अनेक तंत्र, वेद और पुराणों के पढ़ने और सुनने का सर्वोत्तम फल एक ही है और सब साधनों का भी यही एक सुंदर फल है कि आपके चरणकमलों में सदा-सर्वदा प्रेम हो॥

छूटइ मल कि मलहि के धोएँ। घृत कि पाव कोइ बारि बिलोएँ॥
प्रेम भगति जल बिनु रघुराई। अभिअंतर मल कबहुँ न जाई॥

मैल से धोने से क्या मैल छूटता है? जल के मथने से क्या कोई घी पा सकता है? (उसी प्रकार) हे रघुनाथजी! प्रेमभक्ति रूपी (निर्मल) जल के बिना अंत:करण का मल कभी नहीं जाता॥

सोइ सर्बग्य तग्य सोइ पंडित। सोइ गुन गृह बिग्यान अखंडित॥
दच्छ सकल लच्छन जुत सोई। जाकें पद सरोज रति होई॥

वही सर्वज्ञ है, वही तत्त्वज्ञ और पंडित है, वही गुणों का घर और अखंड विज्ञानवा-? है, वही चतुर और सब सुलक्षणों से युक्त है, जिसका आपके चरण कमलों में प्रेम है॥

क्रमश:

राशिफल

मार्गशीर्ष शुक्ल- प्रतिपदा (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
आज मेष राशि वालों का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव रहेंगे।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
आज का दिन सामान्य रहेगा। जीवनसाथी से थोड़े अनबन के संकेत हैं।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। माता का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
नौकरी में तरक्की की राह आसान होगी। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन-संपत्ति में बरकत होगी।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
कार्यों की अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिलेंगी। ऑफिस में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी और कारोबार में वातावरण अनुकूल रहेगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। घर में धार्मिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
मन शांत रहेगा। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
नौकरी और कारोबार में वातावरण अनुकूल रहेगा। व्यापार में विस्तार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी में मधुरता आएगी। अफसरों का सहयोग मिलेंगे। आय में बढ़ोत्तरी के नए अवसर मिलेंगे।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
मानसिक शांति बनाए रखें। क्रोध पर काबू रखें। मित्रों के सहयोग से नौकरी में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे।

कटेहड़ा पहुंची भारत संकल्प यात्रा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गांव जारचा एवं कटेहडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक तेजपाल नागर एवं अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल रहे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं स्वच्छता अभियान मिशन में नदीम एवं रिजवाना को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत 8 टोल वितरित किए।

पीएम किसान सम्मन निधि के कुल लाभार्थी कृषक संख्या 133 गेहूं बीज वितरण 14 कुंतल, सोलर पंप, एक कृषि यंत्र, 4 खाद एवं रसद विभाग कला भारतीय 7463 आयुष्मान कार्ड के 189 बांटा गया। आयुष्मान कार्ड लाभार्थी पांच और इस अवसर पर नोडल अधिकारी राकेश शर्मा, सुमन देवी, रामवीर सिंह चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, उदयवीर, अभिषेक मंगल, मण्डल अध्यक्ष विचित्र तोमर, शूरवीर गहलोत, हाजी रहीश आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल

दादरी। गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे के नीचे दबकर हुई दो बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद मंगलवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल ने घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विधान परिषद सदस्य महेश आर्य जी घटना पर दु:ख जताते हुए कहा कि हादसे में दोनों मासूम का निधन काफी दु:खद है। शासन प्रशासन का पीड़ित परिवार के प्रति अभी तक संवेदनहीन रवैया रहा है। सरकार को को पीड़ित परिवार की स्थिति देखते हुए तत्काल मदद करना चाहिए। इस मौके पर जिला महासचिव सुधीर तोमर ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दु:खद घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और परिवार कि हर संभव मदद की जायेगी। इस मौके पर मुख्य रुप से वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र गौतम, मेंहदी हसन, हुकुम सिंह भारती, राहुल आर्यन, अनूप तिवारी, सतवीर गौतम, महेश कुमार, प्रेमपाल रावल, दिगंबर सिंह, जेपी सिंह, शेखर रावल, युनस मेहंदी एडवोकेट, सतीश गौतम, मुरारीलाल आदि मौजूद रहे।

पार्टी एवं संगठन को कर रहे बदनाम

प्राधिकरण में मलाई मार रहे हैं भाजपा नेता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जेवर विधानसभा सीट से टिकट मांगने वाले एक भाजपा नेता की इन दिनों नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जमकर दलाली चल रही है जिसकी चर्चा राजनैतिक गलियारों में तेजी के साथ हो रही है।

बताते चलें कि नोएडा के नंगली वजीदपुर गांव के रहने वाले उक्त भाजपा नेता इसके पूर्व में जेवर विधानसभा सीट से पार्टी से टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो नेताजी कुछ समय के लिए अहश्य हो गए और जैसे ही भाजपा की सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई वैसे ही नेताजी अपनी दुकान चलाने के लिए नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अपनी दलाली शुरू कर दी।

सूत्र बताते हैं कि नेताजी पार्टी का तो काम नहीं करते लेकिन पार्टी का झंडा लगाकर संगठन को बदनाम करने का काम अवश्य कर रहे हैं।

भाजपा द्वारा हर रोज कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित होता रहता है लेकिन किसी भी पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी नहीं होती यहां तक की बैठकों में भी नेताजी जाना उचित नहीं समझते लेकिन सरकार एवं संगठन को बदनाम कर प्राधिकरण में मलाई काटने का काम अवश्य कर रहे हैं। इस बात की चर्चा राजनीतिक गलियां में हो रही है यदि पार्टी ने समय रहते ऐसे नेताओं पर चाबुक नहीं चलाया तो आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

डीआईजी जेल ने किया जेल प्रीमियर लीग का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जेलर जे पी तिवारी ने बताया जिला कारागार में जेल प्रीमियर लीग का शुभारंभ डीआईजी जेल सुभाष चंद शाक्य (आईपीएस) द्वारा फ़ीता काटकर किया गया । जेल प्रीमियर लीग में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं ।

मैच नंबरदार इलेवन व् नोएडा नाइटराइडर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नोएडा नाइटराइडर ने बोलिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नंबरदार इलेवन टीम ने 12 ओवर में 103 रन बनाये । जिसके पीछा करते हुए नोएडा नाइटराइडर की टीम सिर्फ़ 69 रन पर सिमट गयी । कल का मैच जेल वारियर्स व् राइटर इलेवन के बीच सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

मैच के दौरान जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह जे पी तिवारी, राजीव कुमार सिंह, मुकेश प्रकाश, मनोहरमा सिंह, शिशिर कुशवाह, रामप्रकाश शुक्ला, सौरभ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

छोटे सब्जी दुकानदारों को प्रशासन ने उजाड़ा

नोएडा (चेतना मंच)। फेस-2 स्थित सब्जी मंडी में बनी पक्की दुकानों के सामने पटरी पर सब्जी की दुकान लगाकर अपनी एवं अपने परिवार की जीविका चलाने वाले गरीबों को कल जिला प्रशासन के आला अफसर ने उजाड़ दिया जिससे हजारों की संख्या में गरीबों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि सब्जी मंडी में छोटी-छोटी दुकान लगाकर गरीब अपने परिवार का भरण पोषण काफी समय से करते आ रहे हैं। लेकिन कल सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इन गरीबों को की दुकानों को वहां से हटवा दिया इस विषय को लेकर कल सब्जी मंडी फल व्यापार समिति के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात की और गरीबों को फिर से दुकान लगाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इन्हें वहां से उजाड़ा नहीं जाएगा। व्यापार समिति के लोगों का कहना है कि सैकड़ो की तादाद में गरीब दुकानदार सब्जी एवं अन्य फल बेचकर वर्षों से अपने परिवार की जीविका चलाते आ रहे हैं लेकिन कल जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इन्हें उजाड़ने का काम किया जो निंदनीय है व्यापार समिति के लोगों का कहना है कि जहां एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है वहीं अधिकारी निरंकुश होकर गरीबों का उत्पीड़न करने से बाद नहीं आ रहे हैं।

किसान सभा की हुई बड़ी जीत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सभी वंचित किसानों को मिलेंगे 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, अधिग्रहण से प्रभावित गांवों की भूमिहीन महिलाओं को शहर में बनने वाले वेंडिंग जोन में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

नए कानून के अंतर्गत सीधी खरीद से प्रभावित किसानों को प्रोजेक्ट अफेक्टेड फैमिली की मान्यता देने से 20 प्रतिशत विकसित प्लाट एवं रोजगार का लाभ देने का प्रस्ताव, 296 मामलों में लीजबैक की कार्रवाई तुरंत शुरू करने सहित कुल चार प्रस्ताव पास किए गए। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा है कि किसानों से संबंधित आज कुल चार प्रस्ताव पास हुए हैं। यह किसानों के 124 दिन के रात दिन के धरने प्रदर्शन का परिणाम है।

आठ वर्षों से बिना चुनाव कराये पी-4 सेक्टर में काबिज हैं स्वयंभू अध्यक्ष

नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के पी-4 सेक्टर में बिना चुनाव के वर्ष-2015 से स्वयंभू आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के पद पर काबिज होने का मामला आजकल तूल पकड़ रहा है।

यहाँ पर 2015 से कोई आरडब्ल्यूए के चुनाव नहीं हुए जबकि प्रति दो वर्ष में चुनाव करने का नियम है। बताया जाता है कि एक व्यक्ति हरेंद्र नागर एवं उसके साथ नौ-दस लोग फर्जी तरीके से बिना चुनाव के आरडब्ल्यूए पर काबिज बने हुए है। पूर्व में वर्ष 2019 में सेक्टर के लोगों ने चुनाव करने का प्रयास किया तथा उनको सभी सेक्टर निवासियों का भरपूर जनसमर्थन भी मिला, तो उनसे मारपीट की गई।

आरोप है कि हरेंद्र नागर जो स्वयं को इस आरडब्ल्यूए का अध्यक्ष बताता है। उस पर तथा इसके पुत्रों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सेक्टर में अन्य असामाजिक तत्वों के साथ पार्क में व अन्य सार्वजानिक स्थानों पर दारू पीना, महिलाओं पर अभद्र टिपण्णी करना, लोगों के साथ मारपीट करना इनकस यह आये दिन का काम है। अभी हाल में ही घर के सामने शराब पीने का विरोध करने पर एक सेक्टर निवासी के साथ हरेंद्र नागर एवं इसके तीनों पुत्रों पवन, अरुण एवं कृष्णा द्वारा मारपीट अवं अभद्रता की। जिसकी की पुलिस में FIR भी दर्ज कराई गयी। इसने पूर्व में भी अन्य सेक्टर निवासी जो की पूर्व पुलिसकर्मी भी है उनके साथ भी मारपीट की थी।

इस हरेंद्र नागर एवं इसके पुत्रों के विरुद्ध कोई कठोर कार्यवाही न होने के चलते वे इस प्रकार की मारपीट एवं घटनाओं को करते रहते हैं। इसका एक पुत्र अरुण नागर NDPS के मामले 2021 में नॉलेज पार्क थाने से जेल भी जा चुका है। इस बार भी सेक्टर निवासियों ने चुनाव कराने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रार्थना पत्र दे रखा है फिर भी उसने अपनी नवीनीकरण दिखाकर बोर्ड पर अपना और अपने खास आदमियों के नाम लिखवा डालें।

'किन्तु चीरकर तम की छाती, चमका हिंदुस्तान हमारा'

शहीद उद्यान में हुआ कवि सम्मेलन

मिर्जापुर।

शहीद उद्यान नारघाट के सौजन्य से पं. मदन मोहन मालवीय और पं. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन शहीद उद्यान परिसर में हुआ। माँ सरस्वती व दोनों विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने काव्यपाठ करते हुए सुनाया- किन्तु चीरकर तम की छाती, चमका हिंदुस्तान हमारा। अध्यक्षता कर रही पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव ने सुनाया- वक्त मिले तो आ जाया करो। हम भी तनहा अकेले रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित ने किया।

कवि सम्मेलन का प्रारम्भ इला जायसवाल ने सरस्वती वंदना से की। भोलानाथ कुशवाहा ने सुनाया- यहां अब कोई मिलता नहीं, रिश्ते औपचारिक हो गए हैं। हसन जौनपुरी ने पढ़ा- हँसी की बात है बज्मे-सुखन में, सियासत पर सियासत हो रही है। अरविंद अवस्थी ने सुनाया-अपने पर कम निगाह दूसरे पर ज्यादा है। पाँव सने कीच में दागदार चेहरा है। लालब्रत सिंह सुगम ने हास्य-व्यंग्य की कविताएं सुनायी। आनंद अमित ने कविता सुनाया- अटल बिहारी मरे नहीं हैं वो जिंदा हैं वो अब भी जिंदा हैं उन भावुक चित्रों में जो मानस पटल से उतरे नहीं हैं। अटल विहारी मरे नहीं हैं वो जिंदा हैं। अधिदर्शक ने वैचारिक कविताएँ सुनायी।

प्रमोद गुप्ता ने सुनाया- अटल प्रेरणा लेकर हमको, अटल इरादे करने होंगे। डॉ सुधा सिंह ने सुनाया- भारत माँ की शान तिरंगा, इसे सदा लहरायेंगे। गफ्फार नियाजी ने पा- कौम को बाँटते जो भाषण से, उनको दीवार कह दिया मैंने। नंदिनी वर्मा ने गीत सुनाया- हे युगपुरुष तुमको प्रणाम, तुम युग नवीन के सूत्रधार। इला जायसवाल ने सुनाया- लौटना होगा तुम्हें, सूरज की पहली किरण में। पूजा यादव ने सुनाया- अटल चाहते अटल शान्ति, समृद्धि अटल, विश्वास अटल हो। दिनेश यादव ने सुनाया- धरम-धरम सब कहहिं, धरम करे न कोय। अमरनाथ सिंह ने सुनाया- अब नारी की बारी आएगी। प्राची शुक्ला ने कजरी गीत सुनाया।

इस अवसर पर अनिल श्रीनेत्र, ज्ञानेंद्र तिवारी, गुमनाम मिर्जापुरी, मुहिब मिर्जापुरी आदि विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। शहीद उद्यान प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष शिवलाल अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

'सिटीजन चार्टर' को कमजोर बनाने की कोशिश में नॉएडा प्राधिकरण

नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने लगाई आरटीआई

नोएडा (चेतना मंच)। अपने आप को शहर का सर्वेसर्वा मानने वाले नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगातार जनता को शशक्त करने वाले माध्यम सिटीजन चार्टर की अनदेखी की जा रही है। गौरतलब है की पिछले वर्ष से नॉएडा की सिटीजन चार्टर वेबसाइट से पब्लिक रिपोर्ट अनुभाग काम नहीं कर रहा है , इसके महत्व यह है की यह नोएडा प्राधिकरण को जवाबदेह बनाता था , जहाँ नॉएडा प्राधिकरण कितने समय में कितनी समस्याओं को निपटाता है और कितनी अधूरी रह जाती हैं। ऐसी जानकारियां आम जनता या समाजसेवी डाउनलोड कर सकते थे, जिससे नोएडा पर जनता की समस्याओं को सुलझाने का दबाव रहता था, किन्तु पिछले वर्ष से यह सेक्शन कार्य नहीं कर रहा था जिसकी शिकायत तब ही नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने प्राधिकरण से की थी। नोएडा की तरफ से तब इसे जल्द से जल्द ठीक करने का जवाब आया था, लेकिन एक साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी उसे ठीक नहीं करवाया गया और अब एक नयी आरटीआई के जवाब में नॉएडा प्राधिकरण कहता है की अभी भी उससे सम्बंधित कार्य टेंडर प्रक्रिया में जो की वाकई हास्यास्पद है।

सिटीजन चार्टर के माध्यम से एक समय नॉएडा प्राधिकरण पर इतना दबाव था की वह 96 प्रतिशत समस्याएं समयबद्ध तरीके से निपटा रहा था , धीरे धीरे यह 35 प्रतिशत तक आ गई और पिछले वर्ष से इसकी जानकारी साजिश के तहत हटा दी गई ताकि प्राधिकरण की जवाबदेही हो ही न पाए , इससे शहर और गाँवों की जनता को जो ज्यादा मिलता था उसे प्राधिकरण ने छीन लिया है , इस बाबत श्री तोमर सीईओ और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री महोदय तक भी समस्या के निस्तारण की बात पहुंचाएंगे।

भाजपा ने मनाया बाल दिवस

भदोही (चेतना मंच)। भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल 16 मंडल में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनंजय कुमार सिंह पूर्व राष्ट्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ डायरेक्टर सीडीसी नेशनल कॉरपोरेट डीघ मंडल के अंतर्गत संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि धनंजय कुमार सिंह ने कहा नन्हे साहिब जादे कि शाहिद का अनोखा वृतांत कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। शाहिद जादे के नवाब का दरबार सजा था। सामने गुरु गोविंद सिंह के दो नन्हे बच्चे साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह बहादुर सिंह अपना सर उठाए तन कर खड़े थे सरहिंद के नवाब वजीर खान के दीवान सूच्चानंद ने कहा बच्चों सामने नवाब साहब बैठे हैं इन्हें सलाम करो गुरु घराना केवल अकाल पूरख के सामने मस्तक झुकता है।

इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार जताया और बड़ी मजबूती से इस वीरगति की कहानी नहीं सत्य घटना पर आधारित इस पूरी घटना का आधारशिला बच्चों के सामने रखकर एक याद ताजा कर दी जिसे सुनकर सभी बच्चों के अंदर एक उत्साह जगा और कहा इस तरह का अत्याचार अगर हमारे देश के अंदर हुआ तो इसका समापन भी होना चाहिए।

इसी क्रम में दीनानाथ भास्कर मुख्य अतिथि के रूप में देवनाथपुर में एवं कार्यक्रम के संयोजक अखिलंदर सिंह बघेल 16 मंडल में कार्यक्रम सम्पन करवाया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय, नागेंद्र सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, टंकी गुरु, नवीन मिश्रा, डॉ रमाशंकर सिंह, सुरेश मिश्रा जयप्रकाश दुबे, राजेंद्र पाल बघेल, गोवर्धन राय, जटाशंकर सुख, दीपक मिश्रा, प्रबंधक श्याम नारायण शुक्ला विनोद दुबे दिनेश मिश्रा रमेश मिश्रा विवेक पांडे राजकुमार तिवारी रवींद्र मिश्र सर्वेश पांडे आनंद पांडे आकाश रमेश सिंह राम मोहन मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

फ्रांस से लौटे 276 भारतीय

मुंबई । मानव तस्करी के शक में फ्रांस में 4 दिन रोका गया प्लेन बाद मंगलवार सुबह मुंबई ले आया गया। इसने 25 दिसंबर की शाम पेरिस के वाट्री एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। यह मंगलवार सुबह 4 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। सुबह करीब 4:30 बजे रिपोर्ट दी कि इस फ्लाइट से 276 लोग लौटे हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही इनसे पूछताछ की। वहीं, कई लोग मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचने के लिए भागते नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें ज्यादातर लोग पंजाब, गुजरात और दक्षिण भारत के हैं। पहले इस फ्लाइट के सोमवार दोपहर 2:20 बजे भारत आने की जानकारी दी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोग देश वापसी नहीं करना चाहते थे। इस वजह से फ्लाइट के उड़ान भरने में देरी हो गई। इन लोगों ने फ्रांस में ही शरण देने की मांग की थी।

माता-पिता की सुरक्षा पाना बेटी का अधिकार-होई कोर्ट

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि जैसे मां बच्चे की देखभाल करने में सक्षम है, फिर चाहे वह बेटा हो या बेटी। वैसे ही पिता भी संतान की परवरिस करने में सक्षम है। इसलिए केवल जेंडर के आधार पर पिता को बेटी की देखभाल के लिए अक्षम मानना पूरी तरह से अनुचित है। कोर्ट ने आगे कहा कि हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि बेटी माता-पिता दोनों का साथ पाने की हकदार है। अभिभावक की सुरक्षा और देखभाल पाना बेटी का बुनियादी मानवाधिकार है। इससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता है। इस तरह कोर्ट ने पत्नी को 15 दिन के भीतर बेटी की कस्टडी पिता को सौंपने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद पत्नी के वकील ने अदालत से अपने फैसले पर 6 सप्ताह के लिए रोक लगाने का आग्रह किया। ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें। इसके मद्देनजर कोर्ट ने चार सप्ताह तक के लिए अपने फैसले पर रोक लगा दी। इस दौरान बेटी की कस्टडी मां के पास रहेगी। कोर्ट ने कहा कि यदि पत्नी बेटी के साथ अमेरिका जाने की इच्छुक हो, तो वह अपने वकील के माध्यम से पति को इसकी जानकारी दे सकती है। कोर्ट ने पति को निर्देश दिया कि वह प्रति माह पत्नी को 500 यूएस डालर दे, जो उसके निजी खर्च के लिए होंगे। जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस गौरी गोडसे की बेंच ने ग्रीनकार्ड धारक एक बच्ची के पिता की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा कि इस मामले में बच्ची के पिता का इरादा नेक नज़र आ रहा है। मां का बेटी को पिता के स्नेह से अनुचित तरीके से वंचित करना ठीक नहीं है। पत्नी अमेरिका नहीं जाना चाहती है। उसने यह तय कर लिया है। केवल इस आधार पर पिता को उसकी बेटी से दूर नहीं किया जा सकता है। भारत में पति के खिलाफ जारी तलाक की कार्यवाही बेटी को अमेरिका न ले जाने की अनुमति न देने का वैध आधार नहीं हो सकती है। याचिका में पति ने मांग की थी कि उसकी पांच साल की बेटी को अमेरिका ले जाने की अनुमति देने की मांग की थी।

आरबीआई ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

-निर्मला सीतारमण और शक्तिकांत दास के इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद आरबीआई के ऑफिस में हड़कंप मच गया है। ईमेल भेजने वाले ने खुद को खिलाफत इंडिया के होने का दावा किया है। ईमेल में मुंबई में 11 जगहों पर बम रखने की धमकी दी है। आरबीआई ऑफिस को एक धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें कई जगहों पर बम रखने का दावा किया गया था। सूत्रों ने बताया कि ईमेल में लिखा था कि आरबीआई ऑफिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बम रखा गया है। ईमेल के माध्यम से आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई। मुंबई में कुल 11 जगह बम रखे होने की धमकी दी गई है। इस ईमेल के मुताबिक, धमाका आज दोपहर डेढ़ बजे के करीब होना था। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। पुलिस ने सभी जगह जाकर जांच की लेकिन कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इस संदर्भ में एमआरए मार्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला द्वारा जबरन पति की नपुंसकता जांच करवाना मानसिक क्रूरता : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में पति-पत्नी के विवाद में एक अनोखा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला का अपने पति पर यह आरोप लगाना कि दफ्तर की महिला संग उसके चक्कर है, एक तरह की मानसिक क्रूरता है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई महिला अपने पति की मर्दानगी के बारे में आरोप लगाती है, पति को नपुंसक कहती है और नपुंसकता जांच के लिए मजबूर करती है, तब वह भी मानसिक क्रूरता है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने कहा कि पत्नी द्वारा अपने पति की मर्दानगी के बारे में आरोप लगाना बहुत निराशाजनक और मानसिक रूप से दर्दनाक हो सकता है जो अंततः पति की मानसिक क्रूरता और उत्पीड़न में योगदान देता है। पीठ ने कहा कि दहेज की मांग का आरोप लगाना, विवाहेतर संबंधों के आरोपों के साथ-साथ पति को नपुंसकता परीक्षण

ममता बनर्जी को उनके ही गढ़ में घेरने की तैयारी में बीजेपी, अमित शाह-नड्डा ने बनाई नई रणनीति

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को भाजपा के पश्चिम बंगाल डिवीजन ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति की स्थापना की। प्रमुख सदस्यों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा सहित राज्य के कई अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं। समिति ने आगामी चुनावों पर चर्चा के लिए मंगलवार को कोलकाता में एक बैठक की। अमित शाह और जेपी नड्डा मंगलवार को कोलकाता पहुंचे जहां हवाई अड्डे पर पार्टी सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

समिति के मुख्य सदस्य हैं- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, राज्य पार्टी प्रमुख सुकांत मजूमदार, सांसद दिलीप घोष, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, राहुल सिन्हा, अमिताभ चक्रवर्ती, सतीश ढांड, मंगल पांडे और आशा लोकरा। समिति में पांच महासचिव भी हैं, जिनमें सांसद लॉकेट चटर्जी, आसनसोल दक्षिण से विधायक अग्निमित्रा पॉल, जगन्नाथ चटर्जी, जतिर्मय सिंह महत और दीपक बर्मन शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा क्षेत्र हैं। 2019 में, तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीटें जीतीं, लेकिन भाजपा से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, जिसने 18 सीटें जीतीं। बाकी दो सीटें कांग्रेस के खाते में गईं। आगामी चुनावों के लिए, अमित शाह ने 42 में से 35 सीटें जीतने का लक्ष्य

रखा है और नए साल से पहले पार्टी सदस्यों के साथ रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी पूरी ताकत लगा रही है। भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भी पश्चिम बंगाल में अपनी पूरी ताकत लगाई थी।

विधानसभा चुनाव में पार्टी 200 प्लस का लक्ष्य लेकर चली थी। हालांकि वह 77 सीटें ही जीत सकी। हालांकि, पार्टी का प्रदर्शन जबरदस्त रहा और उसने लगभग 38 फ़ीसदी वोट को प्राप्त किया था। 2024 चुनाव में भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल जरूरी है। 18 तो वह जीतना चाहती ही हैं, साथ ही 35 प्लस के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर देखें तप पश्चिम बंगाल को लेकर भाजपा लगातार नए प्लान बना रही है और उसे जमीन पर रणनीति के तहत उतारने की कोशिश में है। ऐसे में ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की भी मुश्किल पढ़ने वाली है।

फारूक अब्दुल्ला ने चेताया, भारत-पाक के बीच नहीं हुई बात तो गाजा-फलस्तीन जैसा होगा हश्र

जम्मू । नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत नहीं होती है तो कश्मीर का हश्र गाजा और फलस्तीन जैसा ही होगा, जिन पर इस्राइल द्वारा बमबारी की जा रही है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि हम अपने दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। अगर हम अपने पड़ोसियों के साथ मित्रवत रहेंगे तो दोनों प्रगति करेंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने भी यह कहा है कि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है और मामले में बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। तो उन्होंने पूछा कि बातचीत कहां है। उन्होंने आगे कहा, नवाज शरीफ (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और वे कह रहे हैं कि हम (भारत के साथ) बात करने के लिए तैयार हैं, लेकिन क्या कारण है कि हम बात करने के लिए तैयार नहीं हैं ? यदि हम बातचीत के माध्यम से कोई समाधान नहीं ढूंढते हैं, तो हमारा हश्र गाजा और फिलिस्तीन जैसा ही होगा, जिन पर इस्राइल बमबारी कर रहा है...।

टैक्सपेयर्स के पैसे की बेशर्मी से बर्बादी, खरगे ने सेल्फी बूथ को लेकर मोदी सरकार को बोला हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को रेलवे स्टेशनों पर पीएम मोदी की तस्वीरों के साथ सेल्फी बूथ स्थापित करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह करदाताओं के पैसे की खुलेआम बर्बादी है। मोदी सरकार ने राज्यों को सूखा और बाढ़ राहत प्रदान नहीं की है। विपक्ष शासित राज्यों की मनरेगा निधि भी लंबित है। लेकिन इसमें इन सस्ते चुनावी स्टंटों पर उदारतापूर्वक सार्वजनिक धन खर्च करने का दुस्साहस है! खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सेल्फी बूथ पर मध्य रेलवे द्वारा सूचना के अधिकार की प्रतिक्रिया साझा की गई है।

मुंबई स्थित एक कार्यकर्ता के अनुरोध के जवाब में, मध्य रेलवे ने उन स्टेशनों को सूचीबद्ध किया जहां क्रमशः ?1.25 लाख और ?6.25 लाख की अनुमोदित लागत पर अस्थायी और स्थायी सेल्फी बूथ स्थापित किए गए थे। खरगे ने पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार द्वारा आत्ममुग्ध प्रचार की कोई सीमा नहीं है! रेलवे स्टेशनों पर मोदी जी के 3डी सेल्फी पॉइंट स्थापित करके करदाताओं के पैसे की पूरी तरह से बर्बादी। इससे पहले, सशस्त्र बलों को मोदी जी के

प्रमुख कट-आउट के साथ 822 ऐसे सेल्फी पॉइंट स्थापित करने का आदेश देकर हमारे बहादुर सैनिकों के खून और बलिदान का राजनीतिक उपयोग किया गया था।

अक्टूबर में दिल्ली में रेलवे बोर्ड ने सितंबर में 19 जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को स्टेशनों पर सेल्फी बूथ लगाने के लिए कहा था। टिकाऊ 3डी फाइबर मूर्तियों, ऐक्रेलिक बोर्ड, ग्लास और एकीकृत प्रकाश व्यवस्था के साथ डिजाइन किए जाने वाले ये बूथ फाइबर, मिट्टी या प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) जैसी सामग्रियों से तैयार की गई 3डी मूर्तियां प्रदर्शित करते हैं।

ओपिनियन पोल में इस राज्य में पीएम मोदी पर भारी पड़े राहुल गांधी

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अगले साल होने वाले आम चुनाव के लिए मुद्दों, उम्मीदवारों से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक की रणनीति बननी शुरू हो गई है। इस बीच देशभर में ओपिनियन पोल किया है। ओपिनियन पोल में लोगों के मतदान, लोकसभा चुनाव में मुद्दे से लेकर कई सवाल पूछे गए हैं। ओपिनियन पोल में सीधे पीएम चुनने को लेकर भी सवाल किया गया। इस चुनाव में देश के सभी राज्यों में नरेंद्र मोदी राहुल गांधी पर भारी दिखे। हालांकि, सर्वे में एक राज्य ऐसा भी था जहां पीएम के रूप में राहुल गांधी नरेंद्र मोदी पर भारी पड़े। दरअसल ओपिनियन पोल सर्वे में लोगों से सवाल किया गया कि अगर सीधे प्रधानमंत्री चुनना हो तब वे नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी में से किसे चुनने वाले हैं। सर्वे में पीएम मोदी यूपी, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात से लेकर गोवा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारी पड़े। हिमाचल प्रदेश में मोदी को 72 प्रतिशत तब राहुल को महज 26 फीसदी लोग ही पीएम के रूप में देखना चाहते थे। सर्वे में पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य था जहां राहुल गांधी नरेंद्र मोदी पर भारी पड़े। सर्वे ने दिखाया कि पंजाब के लोगों के दिल में राहुल गांधी कितने बसे हुए हैं। सर्वे में 36 फीसदी लोगों ने राहुल गांधी को सीधा प्रधानमंत्री के रूप में चुनने की बात कही। वहीं, नरेंद्र को प्रधानमंत्री के रूप में देखने वाले लोगों 35 प्रतिशत थे।

भारत ने अरब सागर में तैनात किए 3 वॉरशिप

-ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस आईएनएस इंफाल नौसेना में शामिल

मुंबई (एजेंसी)। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल से लैस आईएनएस इंफाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया। यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल होगा। यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली 8 बराक और 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार, 76एमएम रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है। वहीं भारतीय नौसेना ने अरब सागर में 3 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। इनमें आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि शामिल हैं। इसके अलावा लगातार निगरानी और इलाके के बारे में जानकारी बनाए रखने के लिए पी-8आई विमान को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिमी नेवल कमांड मैरीटाइम ऑपरेशन सेंटर भी दूसरी एजेंसियों और कोस्ट गार्ड के साथ इलाके में निगरानी करेगा।

इस वॉरशिप को बंदरगाह और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी दी थी। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि 23-24 दिसंबर को पहले एम/वी केम प्लूटो और फिर साईबाबा जहाज पर हुए हमलों की जांच की जा रही है। भारत सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। आईएनएस इम्फाल से जुड़े एक इवेंट में रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने समुद्री इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। हमले के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई जरूर की जाएगी। दरअसल, 23 दिसंबर को मेंगलुरु आ रहे एक मर्चेंट वेसल केम प्लूटो पर हिंद महासागर में ड्रोन से हमला किया गया था। केम प्लूटो जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। इसके बाद नौसेना ने इसकी जांच की। उन्होंने बताया कि जहाज पर हमला तब हुआ था जब यह भारत के तट से 400 किमी दूर था। नेवी ने कहा- जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था।

पृष्ठ एक के शेष....

कोहरे का कहर: कई वाहन...

वहीं आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। कोहरे के बीच एक के बाद एक 3 बसें, एक ट्रक, 2 कार सहित 6 वाहन भिड़ गए। ये वाहन लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे थे। एक के बाद एक वाहन आपस में भिड़ते गए।

वहीं एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस घटना में एक यात्री की मौत हो गई, वहीं लगभग दो दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा। इनमें से 6 यात्रियों की हालत ज्यादा गंभीर थी, उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एनएच2 पर घने कोहरे के चलते तीन गाड़ियां बारी बारी से आपस में टकरा गईं। यह घटना जिले के थाना थरियांव के पूर्वी बाईपास पर हुई है। यहां ट्रेलर ने डीसीएम में टक्कर मार दी। इसके बाद पीछे से आ रही कंटेनर डीसीएम से टकरा गई। इस हादसे में चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर आधे घंटे तक डीसीएम में फंसा रहा। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। लोगों ने सूचना पुलिस के साथ ही एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद भी जब एंबुलेंस काफी देर तक नहीं आई तो पुलिस अपनी गाड़ी से घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची।

डिवाइडर से टकराई...

फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। रास्ते में ड्राइवर ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नेपाल निवासी राजा थापा पुत्र सुमन सिंह के रूप में हुई। राजा थापा हाल में न्यू अशोकनगर दिल्ली में अपने परिवार के साथ रह रहा है और वह एक कंपनी की कार पर ड्राइवर था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

नोएडा व ग्रेटर नोएडा...

सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में स्कूलों के लिए सर्दी की छुटियों की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक यूपी के स्कूलों में 31 दिसंबर 2023 से 14 जनवरी 2024 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद स्कूल 15 जनवरी से नियमित तौर पर खोले जाएंगे।

दिल्ली सरकार ने राज्य के भी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में सर्दी की छुटियां जनवरी 2024 के पहले सप्ताह के दौरान घोषित करने के निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा निदेशालय के सर्कुलर के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों में 1 जनवरी से 6 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद 7 जनवरी को रविवार होने के कारण स्कूलों को अब 8 जनवरी 2024 से खोला जाएगा।

दिल्ली से सटे फरीदाबाद और गुरूग्राम समेत पूरे हरियाणा राज्य में स्कूलों के लिए शीतकालीन अवकाश की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक राज्य के स्कूलों में 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक सर्दी की छुट्टियां रहेंगे। इसके बाद 16 जनवरी से स्कूलों को खोला जाएगा।

राजस्थान में स्कूलों के लिए शीतकालीन अवकाश की तारीखों का ऐलान पहले ही कर दिया गया था। आधिकारिक अपडेट के मुताबिक राजस्थान के स्कूलों में 24 दिसंबर से ही सर्दी की छुट्टियां चल रही हैं और ये 5 जनवरी तक जारी रहेंगी।

हिमाचल प्रदेश में भी स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। शिक्षा विभाग के सर्कुलर के मुताबिक स्कूलों में 1 जनवरी से विंटर वोकेशन रहेगा। पंजाब के स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां पहले से ही चल रही हैं। पंजाब में 24 से 31 दिसंबर 2023 तक स्कूल रखने की घोषणी की गई है।

व्यवसायिक पार्टनर...

तथा 49 लख रुपए नगद दिए। करीब 7 करोड रुपए मिलने के बाद दोनों पिता पुत्र के मन में बेईमानी आ गई और वह पार्टनरशिप डीड लिखने में आना-कानी करने लगे।

प्रदीप गुप्ता के मुताबिक एक बार दोनों से मिलने उनके घर पहुंचे लेकिन उन्होंने झूठा आश्वासन देकर उन्हें बैरंग लौटा दिया। इसके बाद उन्होंने जब आरोपियों से निवेश किए गए पैसे वापस मांगे तो उन्होंने देने से साफ इनकार कर दिया। आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि उनके संबंध बड़े-बड़े अधिकारियों एवं बदमाश किस्म के व्यक्तियों से हैं और उनके पास पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अगर दोबारा पैसे मांगे तो वह उसकी हत्या कर देंगे और लाश का भी पता नहीं चलने देंगे। उन्होंने कोई कानूनी कार्रवाई करने पर बुरा अंजाम भुगतने की भी धमकी दी। थाना फेस वन प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

मुआवजे को लेकर...

सुभाष साइट फाइव स्थित राजलक्ष्मी कंपनी में काम करते थी। बीती रात्रि उसकी घर पर मौत हो गई। आज सुबह परिजन उसके शव को लेकर अपने गृह जनपद के लिए चले गए। आज सुबह जब साथी कर्मचारियों को राजमती की मौत की सूचना मिली तो उनमें आक्रोश प्राप्त हो गया। कर्मचारी कंपनी में इकट्ठा हो गए और राजमती के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग करने लगे।

इस दौरान कर्मचारियों की सुपरवाइजर से कहासुनी हो गई जिसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश प्राप्त हो गया। इस दौरान कर्मचारियों ने कंपनी में जमकर हंगामा किया। हंगामा के दौरान कुछ महिलाएं ज्यादा भीड़ होने के कारण दम घुटने की वजह से बेहोश हो गई। इस कारण कंपनी में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना कासना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडेय ने एंबुलेंस मंगवाकर बेहोश महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराकर मामले को शांत कराया।

इंस्टाग्राम की स्टोरी...

(काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह हाल में हल्द्वानी कॉलोनी में रह रही है। उसने बीते दिनों अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई थी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी स्टोरी का स्क्रीनशॉट लेकर उसे अपनी आईडी पर लगा लिया। पीड़िता का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने स्क्रीनशॉट पर अभद्र टिप्पणियां लिखी हुई है। इस बात की जानकारी मिलने पर उसने उक्त इंस्टाग्राम आईडी चेक की तो पता चला कि वह आफरीन 9300 के नाम है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

कपड़े सुखाने के...

चंगुल से छुड़वाया। इसके बाद तीनों आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

अफ्रीकी छात्र की...

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। छात्र की मौत की सूचना दूतावास के जरिए परिजनों को दे दी गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

नामी कंपनियों के...

लिमिटेड पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने अधिकृत किया हुआ है उनकी कंपनी का काम इन कंपनियों के नाम से बेचे जा रहे नकली उत्पादों की रोकथाम करना है।

सुमित आर्य ने बताया कि बीते दिनों उसे पता चला कि सेक्टर 15 स्थित गुलमोहर व्यवसाय परिसर की एक दुकान में विभिन्न कंपनियों के नकली गीजर की बिक्री की जा रही है सूचना के आधार पर पुलिस टीम सुमित आर्य के साथ उक्त दुकान पर पहुंची इस दौरान ली गई तलाशी में दुकान के गोदाम से उषा पॉलिसी वी-गार्ड पैनासोनिक के नकली गीजर बरामद हुए गोदाम से विभिन्न कंपनियों के नकली स्टीकर भी बरामद किए गए थाना प्रभारी ने बताया कि ऑपरेशन मैनेजर स्वामित्व आर्य की शिकायत पर दुकानदार ध्रुव कुलवे के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और नकली गीजरों को जप्त कर लिया गया है।

बच्चों के विवाद...

की शिकायत पर 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच पता चला है कि दोनों पक्षों के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद फारुख पक्ष के लोगों ने खुर्शीद के घर में घुसकर हमला किया।

1200 बेसहारा लोगों को बाँटे कम्बल

नोएडा (चेतना मंच)। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी युवाओं का समूह चैलेंजर्स ग्रुप ने बेसहारा लोगों को बढ़ती सर्दी से बचाने के लिए नोएडा शहर की सड़कों पर उतर आया है। चैलेंजर्स ग्रुप एवं सूद चैरिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वधानों में नोएडा शहर में संस्थाओं के सदस्यों द्वारा इस बढ़ती ठंड में देर रात घरों से निकलकर सेक्टर- 15, 16,18, 62 आदि मेट्रो स्टेशनों, चौराहों, फुटपाथों पर बसर कर रहे लोगों को कम्बल वितरित किये।

एससीएफ से एचआर भनिता शर्मा ने बताया कि देश के चहेते अभिनेता सोनू सूद के नेतृत्व में कम्बल सुकून का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नोएडा शहर में चैलेंजर्स ग्रुप के साथ मिलकर अभी तक 1200 लोग लाभांवित हो चुके हैं। ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा ने बताया कि एक तरफ हम लोग नये स्वेटर पहनने का इंतज़ार करते हैं वहीं दूसरी तरफ हमारे समाज का एक तबका इस सर्दी की लडाई से लड़ते हुए कल की सुबह देख भी पायेगा या नही उसे पता नहीं होता। ऐसे में इस पीड़ा को समझते हुए हमारा हर संभव प्रयास रहता है कि इस समस्या से ऐसे लोगों को बचाया जा सके। जिसके लिए संस्था निरंतर समय-समय पर इस प्रकार के अभियानों से लोगों को राहत पहुंचाने हेतु अभियान चलाती रहती है।

इस मौके पर शुभम गुप्ता, पीयूष शर्मा, शुभम, गीतिका आदि लोग मौजूद रहे।

मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। लूट की वारदात को अंजाम देने के इरादे से बाइक पर घूम रहे दो लुटेरों की थाना बिसरख पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया हालांकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख प्रभारी अरविंद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ चार मूर्ति चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एफजेड बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। दोनों युवक रुकने के बजाय पुलिस को देखकर भाग निकले। संदेह के आधार पर पुलिस कर्मियों ने बाइक सवारो का पीछा किया और उन्हें राइस चौक की तरफ जाने वाली सड़क पर घेर लिया। तेज गति में बाइक दौडाने के कारण बाइक सवार नियंत्रण खो बैठे और बाइक सड़क पर फिसल गई। बाइक से गिरे बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम आसिफ पुत्र यूनुस निवासी गरिमा गार्डन थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद व अपने फरार साथी का नाम अनीश पुत्र अली दराज निवासी सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाजियाबाद बताया। पकड़े गए बदमाश के पास से एक तमंचा, कारतूस व लूट की घटना में प्रयुक्त एफजेड बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आसिफ ने बताया कि उसने अपने साथी अनीश के साथ मिलकर बीते दिनों गौर सिटी मॉल के पास एक महिला के गले से चेन छीनी थी। वह बाइक पर सवार होकर अपने साथी के साथ लूटपाट की घटनाओं का अंजाम देता है।

एडीसीपी के मुताबिक पकड़े गए आसिफ पर जनपद गाजियाबाद के थाना लोनी, थाना सिहानी गेट, साहिबाबाद, व थाना जारचा आदि में जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट, चोरी आदि के मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के फरार साथी की तलाश कर रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

यूपी पुलिस भर्ती को लेकर रालोद ने खोला मोर्चा, सीएम योगी को भेजा ज्ञापन

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती के जारी की गई अधिसूचना पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जतायी है।

मंगलवार को लोकदल कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचा और सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 23 दिसंबर 2023 को पुलिस विभाग ने 60244 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है, जिसके लिए 27 दिसंबर से 16 जनवरी 2024 तक आवेदन पत्र भरे जाएंगे।

ज्ञापन में कहा गया कि इस भर्ती का प्रदेश के लाखों युवा इंतजार कर रहे थे, क्योंकि वर्ष 2018 के बाद अब यह भर्ती खोली गई है। लाखों युवा 2018 वाली भर्ती का भी फॉर्म कम उम्र होने के कारण नहीं भर पाए थे तथा वर्ष 2023 विज्ञप्ति हुए पदों में भी उम्र अधिक होने के कारण फॉर्म नहीं भर पाए थे। इसमें छूट दी जाए।

इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष आजाद मलिक, जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष, एडवोकेट इंद्रवीर भाटी मंडल अध्यक्ष, कारी इलियास, ताहिर सैफी, रमेश इमामुद्दीन, सैफी हाजी, मोहम्मद अली, रहीस सैफी, जसवीर भाटी, नीरज शर्मा, जितंद्र भाटी, यतेंद्र भाटी, एड. प्रियंका अत्री, राहुल भाटी, हिना चौधरी, कासिम मेवाती, राशिद मेवाती, शाहरूख अब्बासी, नूरशेर मेवाती, आसे भाटी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा में कीर्तन पाठ का आयोजन

नोएडा (चेतना मंच)। गुरुद्वारा सेक्टर-12 नोएडा में नोएडा पंजाबी एकता समिति द्वारा धर्म की रक्षा के लिए बाल्यकाल में ही शाहदत देने वाले साहिबजादों अजित सिंह एवं जुझार सिंह के शहीदी दिवस पर गुरूद्वारे में कीर्तन पाठ एवं लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350-400 की संख्या में लोगों ने श्रदांजलि दी और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा भी उपस्थित रहे उसके साथ साथ नोएडा पंजाबी एकता समिति (पंजी) के मुख्य संरक्षक सतीश मेहता, मुख्य सलाहकार राजन ठुकराल, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, जसविंदर खोकर, एस. पी. आनंद, सतपाल सचदेवा, अध्यक्ष वीरेंदर मेहता, महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, नवीन सोनी, अतुल सहगल, कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, अतुल मल्होत्रा, नोएडा महानगर की महामंत्री श्रीमती डिम्पल आनंद एवं विशाल संख्या में मातृ शक्ति ने हिस्सा लिया।

यश कृष्णा मैमोरियल ट्रस्ट ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

नोएडा (चेतना मंच)। यश कृष्णा मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से एक स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सेक्टर-14 श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर नोएडा के पास मलिन बस्ती में चलाया गया जिसमें किस प्रकार से हमे अपने आपको स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना है इसके बारे में समझाया गया व उनको एक किट प्रदान की गई। जिसमें तौलिया, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, दाँत साफ़ करने का ब्रश, दाँत साफ़ करने का मंजन इत्यादि वितरित किये। लगभग 150 लोगों को यह किट वितरित की गई।

इस अभियान में संस्था के संस्थापक राजीव अजमानी, संजीव अजमानी, रजत अजमानी व अरुण शर्मा शामिल रहे।

सेक्टर-20 आरडब्ल्यूए ने मनाया वार्षिकोत्सव

नोएडा (चेतना मंच)। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) एवं अमृतवाणी कीर्तन मंडली सेक्टर 20 नोएडा द्वारा वार्षिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ब्लॉक के पार्क में बने नवनिर्मित गजीबो हट का उद्घाटन आरडब्लूए अध्यक्ष विद्या सागर विरमानी एवं कीर्तन मंडली अध्यक्षा श्रीमती कांता कालिया ने फीता काट कर किया।

वार्षिकोत्सव में डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया। डांडिया में सभी लोगों ने बडचढ़ कर हिस्सा लिया।

आरडब्लूए अध्यक्ष विद्या सागर विरमानी व अन्य पदाधिकारियों ने सेक्टर की वरिष्ठ नागरिक श्रीमती कांता कालिया, श्रीमती निगम, श्रीमती रावत, आर सी माथुर, सी एस ठाकुर, दीपक चंदन, के पी तिवारी,विनोद मेहरा, एम एल नायर,आर सी मालिक,दया सागर विरमानी , सी सी भाटिया, के एल गोयल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्रज्ञान पब्लिक स्कूल व गांव पुरन नगर में वीर बाल दिवस मनाया

जेवर (चेतना मंच)। प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर व कल्पतरु शिक्षा केन्द्र गांव पुरन नगर में मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण स्कूल में छात्र छात्राओं को दिखाया गया।

प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरीश शर्मा व प्रधानाचार्या दीप्ति शर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह व साहिबजादा फतेह सिंह ने देश धर्म पर अपनी जान न्यौछावर करने वाले दोनों भाइयों के बलिदान को याद किया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

उधर गांव पुरन नगर के कल्पतरु शिक्षा केन्द्र में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह व साहिबजादा फतेह सिंह को मुस्लिम धर्म नही अपनाने पर मुगलों ने दोनों नाबालिग भाईयों को जिंदा दीवार में चिनवाकर उनकी हत्या कर दी थी। भाजपा सांसद प्रतिनिधि व मुख्य अतिथि सतपाल सिंह तालान ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि बताते हुए कहा की सभी को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य जय किशोर शर्मा, जेवर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा नेता चन्द्र मणि भारद्वाज,मंजीत सिंह,सजय रावत,रविन्द्र शर्मा बौबी,मनोज जैन,गुड्डू चौधरी, सरदार शमशेर सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री रोहित ठाकुर ने किया।

स्वर्गीय हरेंद्र नागर प्रधान के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिए विशाल हवन 1 जनवरी से

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दादूपुर निवासी वरिष्ठ सामाजिक नेता स्वर्गीय हरेंद्र नागर प्रधान के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिए 11वां विशाल हवन कार्यक्रम 1 जनवरी से 3 जनवरी तक गाम I प्रथम स्थित भाजपा नेता श्रीमती बेवन नागर के आवास पर आयोजित किया गया है।

बताते चलें कि हर वर्ष स्वर्गीय हरेंद्र नागर प्रधान के अधूरे कार्य को पूरा करने को लेकर एक विशाल हवन कार्यक्रम भाजपा नेता श्रीमती बेवन नागर द्वारा आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में आगामी 1 जनवरी से 3 जनवरी तक यह कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें जनपद के तमाम भाजपा अध्यक्ष नेताओं के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी अपनी हिस्सेदारी करेंगे।

भाजपा नेता श्रीमती बेवन नागर ने बताया कि कार्यक्रम 1 जनवरी से 3 जनवरी तक चलेगा जिसमें हवन एवं उसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है।



भारत-साउथ अफ्रीका टेस्ट के दौरान जमकर हो सकती है बारिश

सेंचुरियन । भारतीय टीम और साउथ अफ्रीका के बीच आज 26 दिसंबर से टेस्ट मैचों की शुरुआत होने जा रही है। ले किन मौसम की अपडेट यह है कि कि मैच के दौरान बारिश हो सकती है। आज से दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच सेंचुरियन में भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 से शुरू होगा। मगर इस शहर का मौसम ठीक नजर नहीं आ रहा है। सेंचुरियन में मौसम का मिजाज देखते हुए ऐसा लग रहा है, जैसे इंद्रदेव इस टेस्ट मैच से नाराज हैं। दरअसल, 5 दिवसीय इस टेस्ट मैच के दौरान बारिश की आशंका है। शुरुआती दो दिनों का खेल तो पूरी तरह बारिश से धुलता दिखाई दे रहा है। हालांकि आखिर में मौसम जरुर साथ दे सकता है। आईएमडी के अनुसार सेंचुरियन में आज 26 दिसंबर को मौसम काफी खराब नजर आ रहा है। मौसम केन्द्र के मुताबिक, इस दिन बारिश की आशंका 96 प्रतिशत बताई जा रही है। पहले दिन हवाओं की गति भी 52 किमी/ घंटे की रहेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मोहन बागान और केरला ब्लास्टर्स में विपरीत फॉर्म वाली टीमों का मुकाबला होगा

कोलकाता,

मोहन बागान सुपर जायंट बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में इन-फॉर्म केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिड़ने के लिए तैयार होंगे. मैरिनर्स नौ मैचों के बाद मुसीबत भरे हालात में फंसे हुए हैं, क्योंकि उन्हें पिछले दो मैचों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों के हाथों हार मिली. जीत की पटरी से उतरने का यह सिलसिला मुम्बई में आइलैंडर्स के हाथों 2-1 की उनकी करारी हार के साथ शुरू हुआ और फिर एफसी गोवा ने मजबूत प्रदर्शन करके मैरिनर्स को उनके ही घर में 4-1 से मात दी. जुआन फेरान्डो को तमाम समस्याओं के जवाब ढूंढने के लिए ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाने की आवश्यकता होगी क्योंकि लगातार चोटों और प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण उनके पास एक कम क्षमतावान टीम रह गई है. दूसरी ओर, केरला ब्लास्टर्स एफसी एक ऐसी इकाई है जो इस सीजन में फॉर्म दिखा रही है और मैरिनर्स की लड़खड़ाहट के रूप में इस अवसर को लेकर उत्सुक नजर आ रही है. हेड कोच इवान वुकोमानोविच की देखरेख में खेलने वाली टीम ने कप्तान एड्रियन लुना की चोट की चिंताओं को दूर कर दिया है, क्योंकि अन्य वरिष्ठ और अनुभवी स्टार खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी संभाली है और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है. ब्लास्टर्स ने पिछले मैच में मुम्बई सिटी एफसी को 2-0 के अंतर से हराया था, लेकिन क्या वे आगामी मुकाबले में भी उस तरह का दमदार प्रदर्शन को दोहरा पाएंगे? मैरिनर्स के पास इस हार के अनचाहे सिलसिले को तोड़ने और उन शीर्ष टीमों के करीब पहुंचने का मौका है जो इस समय अंक तालिका में उनसे सिर्फ एक स्थान ऊपर हैं. हालांकि, वे अगले मैच में ब्लास्टर्स से बेहतर प्रतिद्वंद्वी की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उनका केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ शानदार अपराजित रिकॉर्ड है जिसे फेरांडो आगामी मैच में जारी रखना चाहेंगे. आईएसएल में मैरिनर्स अपने छह मैचों में केरला ब्लास्टर्स एफसी को पांच बार हार चुके है और एक मुकाबला ड्रा रहा है. कप्तान एड्रियन लुना की अनुपस्थिति के बावजूद केरला ब्लास्टर्स एफसी पिछले मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी को 2-0 से हराकर उत्साहित हैं. उन्होंने अपनी आक्रामकता में कमी का कोई संकेत नहीं दिखाया क्योंकि फॉरवर्डों ने दम दिखाया है और शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के अलावा दिमित्रियोस डायमंटाकोस

और क्वामे पेप्राह की स्ट्राइकर जोड़ी ने एक-एक गोल करके अपनी सटीक क्षमता का प्रदर्शन किया. वुकोमानोविच के लिए अगले मैच में क्लीन शीट रखना राहत की बात होगी, क्योंकि उनकी टीम ने अपने पिछले दो मुकाबलों में एक भी गोल नहीं खाया है और आखिरी बार उनका यह सिलसिला दिसम्बर 2014 में तीन मैचों तक चला था.

दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने भाग्य का साथ भी जरुरी : द्रविड़

सेंचुरियन ।

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने के लिए टीम को बेहतर प्रदर्शन के साथ ही किस्मत का साथ भी चाहिये। भारतीय टीम पिछले 31 साल से यहां कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। भारतीय टीम ने साल 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। उसके बाद से ही टीम को यहां सीरीज जीत का इंतजार है। पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट श्रृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में केवल चार जीते हैं। द्रविड़ ने कहा, 'हम कई बार जीत के करीब पहुंचे पर सफल नहीं हुए हालांकि हमने यहां कुछ अच्छी क्रिकेट खेली है। हम कुछ अहम पलों में हावी होने में सफल नहीं हुए। हमें कई बार ऐसा लगा कि अगर टीम ने यहां 40-50 रन और बनाए होते तो हम बेहतर हालत में रहते। कोच के अनुसार पहले पिछले दौरे पर जिस तरह से भारतीय गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था उससे टीम का मनोबल बढ़ा है। भारतीय टीम पिछले दौरे पर 1-0 की बढ़त बनाने के बाद भी अंत में लय बरकरार नहीं रखने के कारण् 1-2 से सीरीज हार गयी थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने पिछले दौरे पर काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। इससे हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। अब हमारे गेंदबाजी आक्रमण के पास इन हालातों में 20 विकेट लेने की क्षमताएं हैं। द्रविड़ ने कहा, 'ऐसे में आपको थोड़े से भाग्य की भी जरूरत होती है, बहुत सारे अवसर होते हैं जो आपके हाथ से निकल जाते हैं। कई बार ऐसा होता है जब गेंद बल्ले के बेहद करीब से निकल जाती है।

आप चाहते हैं कि आपको किस्मत का साथ मिले और गेंद प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों के बल्ले का किनारा लेकर निकले। द्रविड़ ने साथ ही कहा, 'भाग्य का साथ भी तभी मिल सकता है जब आप अपने कौशल का अच्छा इस्तेमाल कर यह तय करें कि आप गेंद सही जगह पर फेंक रहे हैं। जब आवश्यक हो तो आप अपना अनुशासन और धैर्य बनाए रखें।

टेस्ट सीरीज में जीत पर भी विश्वकप की हार नहीं भूल सकेंगें : रोहित

सेचुरियन ।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले विश्वकप में मिली हार पर भी बात की। रोहित ने कहा यहां अगर टी टेस्ट सीरीज में जीत भी दर्ज करती है तो भी 2023 विश्व कप में मिली हार को उनकी टीम नहीं भूल सकती। रोहित से जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में हार के बारे में पूछा गया और उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी उस हार से उबरने का प्रयास करेंगे पर ये आसान नहीं होगा। रोहित ने कहा, हमने दक्षिण अफ्रीका में कभी कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और अगर हम यहां ऐसा कर पाएंगे तो यह बहुत बड़ी बात होगी। मुझे नहीं पता कि क्या यह विश्व कप हार का दर्द कम कर सकेगा। अगर हम इसे हासिल कर लेते हैं तो यह एक अच्छी बात होगी। इतनी मेहनत की है तो कुछ तो मिलना ही चाहिए हमें। गौरतलब है कि भारतीय टीम आज तक दक्षिण अफ्रीका में कभी भी नहीं जीत पायी है। ऐसे में रोहित इस बार सीरीज जीतकर ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय कप्तान बनना चाहेंगे। रोहित ने यह भी माना कि इन दिनों इतना क्रिकेट हो रहा है कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ना ही पड़ता है। उन्होंने कहा, जिस तरह से हम खेले, आप एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद करते हैं। बदकिस्मती से, हम ऐसा नहीं कर सके। वह सबसे कठिन हिस्सा था। आपने देखा कि हम 10 मैच कैसे खेल पाए। उन्होंने कहा, फाइनल में हमने कुछ चीजें ठीक से नहीं की और इसलिए हम हार गए। यह कठिन है पर जीवन में, आगे बढ़ना ही होता है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चार नये खिलाड़ी शामिल

नई दिल्ली ।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गयी है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरने वाली भारतीय टीम में चार नये खिलाड़ियों को भी अवसर मिला है। भारतीय टीम इस दौरे में तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। हरमनप्रीत कौर दोनों ही प्रारुपों में कप्तान रहेंगी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। भारतीय टीम में पहली बार श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु जैसी युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में लिया गया था पर उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था अब देखना है कि उन्हें अंतिम ग्यारह में अवसर मिलता है या नहीं।

वहीं श्रेयंका ने इस महीने की शुरूआत में ही इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था जबकि सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। एकदिवसीय सीरीज के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला एकदिवसीय मैच 28 दिसंबर को जबकि दूसरा मैच 30 दिसंबर और तीसरा व अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम इस प्रकार है :

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

टी20 टीम के लिए टीमः

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान हॉकी महासंघ पर निलंबन का खतरा मंडराया

हटाये गये अध्यक्ष ने दी एफआईएच के पास जाने की धमकी

कराची । पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण ये है कि पीएचएफ से हटाये गये खालिद सज्जाद खोकर ने कहा है कि वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर के इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएंगे। इसके अलावा वह अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से भी इस मामले की शिकायत करेंगे। इससे पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने पीएचएफ में बदलाव करते हुए नये अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी थी। खोकर साल 2015 से ही पीएचएफ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी को नया अध्यक्ष बनाये जाने के फैसले को अदालत में चुनौती देंगे। खोकर ने कहा, 'मैं अदालत की में जाऊंगा। साथ ही कहा कि जब तक यह असंवैधानिक और गैर कानूनी फैसला नहीं बदला जाता, तब तक मैं हार नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा, 'मैं टकराव से बचना चाहता था पर अब मेरे पास अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और एफआईएच के पास जाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। खोकर जानते हैं कि एफआईएच नई नियुक्ति को सरकारी हस्तक्षेप मानकर पीएचएफ को निलंबित भी कर सकता है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब , नवीन और फजलहक पर लगाया प्रतिबंध विदेशी लीग नहीं खेल पायेंगे

काबुल । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने देश की जगह पर व्यक्तिगत हितों को अधिक महत्व देने के लिए तीन खिलाड़ियों मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब ये तीनों खिलाड़ी किसी भी विदेशी लीग में नहीं खेल पायेंगे। एसीबी ने इन तीनों खिलाड़ियों के साल 2024 के वार्षिक केंद्रीय अनुबंध को भी रोक दिया है। इसके अलावा अगले दो वर्षों के लिए तीनों खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिलेगा। इसके अलावा अगर पहले किसी लीग में खेलने के लिए उनके पास कोई एनओसी है तो उसे भी रद्द माना जाएगा। । एसीबी के अनुसार तीनों खिलाड़ियों ने हाल ही में बोर्ड को एक जनवरी 2024 से शुरू होने वाले वार्षिक केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने को कहा था। साथ ही फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति भी मांगी थी। बोर्ड के बयान में कहा, 'इन खिलाड़ियों ने टी20 लीगों और अन्य वाणिज्यिक लीगों में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किया थे। वे अफगानिस्तान के लिए खेलने की बजाय उनके व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता दे रहे थे। इसी कारण ने इन खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया गया है। इससे पहले मुजीब को हाल ही में आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ में खरीदा था। वह इस समय मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम के साथ बीबीएल में हैं। नवीन आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हैं, और फजल हक फारूकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में हैं। अब अब ये तीनों इन लीग मुकाबलों में नहीं खेल पायेंगे।

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के लिए अभ्यास शिविर आज से

34 खिलाड़ी भाग लेंगी

नई दिल्ली । ओलंपिक क्वालीफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप को देखते हुए हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के लिए एक अभ्यास शिविर लगाया है। इस शिविर के लिए 34 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। ये सभी खिलाड़ी बुधवार से शुरु हो रहे इस कोचिंग शिविर में शामिल होंगी। इससे पहले भारतीय टीम ने स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारतीय टीम पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ एक ग्रुप में है। वहीं पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य की टीमें रहेंगी। इससे पहले भारतीय टीम ने रांची में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था और अब उसे बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। वहीं भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा, ''पांच देशों के टूर्नामेंट में खेलने से भारतीय टीम को अपनी कमजोरियों के बारे में पता चला है। जिन्हें अब इस अभ्यास शिविर में ठीक किया जाएगा। साथ ही कहा कि हमने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां सुधार हो सकता है। शिविर के दौरान इन पर काम करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद टीम रांची में दोबारा खेलने को लेकर उत्साहित है। इस दौरानहम अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान देंगे जिससे हम पेरिस ओलंपिक 2024 में क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें। '' अभ्यास शिविर के बाद भारतीय टीम मस्कट जाएगी जहां उसे 24 से 27 जनवरी तक हॉकी फाइव्स विश्व कप में खेलना है।

अभ्यास शिविर में भाग लेने वाली संभावित खिलाड़ी हैं:

गोलकीपरः सविता, रजनी एटिमार्पु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी

डिफेंडरः दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डरः निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर

फॉरवर्डः लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग।

खिलाड़ियों को मिल रहे समर्थन पर अंजू बॉबी जॉर्ज ने खुशी जतायी

नई दिल्ली । देश की शीर्ष महिला एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज ने आजकल खिलाड़ियों को मिल रहे समर्थन पर खुशी जतायी है। अंजू ने इसके लिए मोदी सरकार की प्रशंसा की है। इसके साथ ही अंजू ने कहा कि मुझे ये देखकर लगता है कि मैंने गलत दौर में प्रतिस्पर्धा की थी। क्रिसमस के अवसर पर एक कार्यक्रम में विश्व चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता इस खिलाड़ी ने कहा, 'एक खिलाड़ी के रूप में मैंने तकरीबन 25 वर्षों तक प्रतिस्पर्धा की और मैं बहुत सारे बदलाव देख रही हूं। जब मैंने 20 साल पहले भारत को पहला पदक दिलाया था तब मेरा विभाग भी मुझे पदोन्नति देने के लिए तैयार नहीं था।आज आज बदलाव साफ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन नीरज (चोपड़ा) के ओलंपिक पदक जीतने के बाद मैंने बदलाव देखे हैं। जिस तरह से हम जश्न मना रहे हैं उससे कभी-कभी मैं उनसे ईर्ष्या करने लगती हूं क्योंकि हमें ये सब नहीं मिला था। गौरतलब है कि पेरिस में 2003 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता रही अंजू ने महिला सशक्तिकरण के बारे में कहा कि कैसे देश अब एथलीटों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाता है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर पर समय आने पर फैसला लेंगे : रोहित

जोहानिसबर्ग । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर सही समय पर फैसला लेंगे। वहीं जब रोहित से पूछा गया कि वह बल्लेबाज के तौर पर आने वाले दो साल में अपने को कहां देखते हैं। तो इसपर उन्होंने कहा, 'जो भी क्रिकेट मेरे लिए है, मैं खेलूंगा। वहीं जब उनसे पूछा गया कि क्या आप और विराट कोहली टी20 विश्व कप में खेलना चाहते हैं तो उन्होंने कहा, 'सभी को क्रिकेट खेलने की इच्छा रहती है। ऐसे में खिलाड़ी को जो भी अवसर मिले, वह उसमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहता है। रोहित ने इस दौरान ये भी कहा कि विश्व कप फाइनल की हार को स्वीकार कर पाना टीम में सभी के लिए कठिन था पर आगे बढ़ने के लिए उन्हें इससे उबरना पड़ता ही है। उन्होंने कहा, 'विश्व कप फाइनल तक हम काफी अच्छा खेले पर खिताबी मुकाबले में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। इसी कारण वह मैच हमारे हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा, हमने विश्वकप के लिए कड़ी मेहनत की थी और हम पहले 10 मैच और फाइनल में कैसा खेले सभी ने देखा। ये सही है कि हम फाइनल में उम्मीद के अनुसार नहीं कर पाये जिसका हमें नुकसान उठाना पड़ा।

आईपीएल से हुआ भारतीय क्रिकेट का विकास : गंभीर

मुम्बई ।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके शुरु होने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट को काफी लाभ हुआ है और नई प्रतिभाएं सामने आयी हैं। साथ ही कहा कि अगर बीसीसीआई आईपीएल शुरु नहीं करता तो वह बड़ी भूल होती। गंभीर के अनुसार साल 2008 में अपनी स्थापना के बाद से जबरदस्त सफलता हासिल करने वाली आईपीएल अब अपने 17वें संस्करण के लिए तैयार है। साथ ही कहा कि यह मार्की टी20 इवेंट घरेलू खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारों के साथ-साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अहम मंच साबित हुआ है। इससे भारतीय क्रिकेट का काफी विकास हुआ है। इस बार की नीलामी में पंजाब किंग्स में शामिल होकर हर्षल पटेल (11.75 करोड़ रुपये) हासिल करने के साथ ही सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरे। वहीं अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में, समीर रिजवी ने सबसे अधिक बोली हासिल की। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने 7.2 करोड़ रुपए में खरीदा। नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा, जो लीग के नीलामी इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। फ्रेंचाइजियों ने इस नीलामी में कुल 230.45 करोड़ रुपए में 72 खिलाड़ियों को चुना, जिनमें 30 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल थे।



न्यूजीलैंड दौरे में पाक टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच होंगे यासिर

लाहौर ।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए 'हाई परफॉर्मेंस कोच' नियुक्त किया है। यासिर साइमन हेल्मुट की जगह लेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच हैं। अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाली 5 मैचों की इस सीरीज के लिए पीसीबी अपनी ओर से कोई कमी नहीं करना चाहता है। इसी लिए यासिर को अहम जिम्मेदारी दी गयी है। यासिर पाकिस्तान टीम के साथ ही न्यूजीलैंड दौर के लिए रवाना होंगे, ये सीरीज 12 जनवरी से खेली जाएगी। पाक चयनकर्तओं ने पहले ही न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम घोषित कर दी थी। इस सीरीज से टीम को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी का अवसर मिलेगा। यासिर ने पाकिस्तान की ओर से अपने करियर में कुल 3 टेस्ट, 11 एकदिवसीय और 13 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट में उनके नाम 9, वनडे में 4 और टी20 में 16 विकेट हैं। इसके अलावा टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम एक अर्धशतक भी शामिल है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाक टीम इस प्रकार है।

शाहीन अफरीदी (कप्तान), आमिर जमाल, अब्बास अफरीदी, आजम खान, अबरार अहमद, बाबर आजम, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह खान, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, साहिबजादा फरहान, साइम अयूब, उसामा मीर और जमन खान।

सालार ने पठान और जवान को बॉक्स ऑफिस पर रौंदा

प्रभास की लेटेस्ट फिल्म साहो इस साल की बम्पर कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। इस फिल्म ने इस साल धूम मचाने वाली फिल्मों पठान और जवान जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। ऐसा लग रहा है कि आदिपुरुष की असफलता के बाद एक्टर की ये फिल्म इतिहास रचने जा रही है।

सालार का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

फिल्म साहो से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले प्रभास लंबे समय से एक हिट फिल्म के लिए तरस रहे थे। उनकी पिछले फिल्में साहो के अलावा राधे श्याम और आदिपुरुष भी अपना जादू चला पाने में असफल रही। अब प्राभास अपनी लेटेस्ट फिल्म सालार के साथ हाजिर हैं और ऐसा लग रहा है कि उन्हें जिस सफलता का लंबे समय से इंतजार था वो ये फिल्म पूरा करने जा रही है। सालार ने रिलीज होते ही तलहका मचा डाला है और ये फिल्म इस साल के सारे रेकॉर्ड को तोड़ते हुए 90.7 करोड़ रुपये की ओपनिंग केवल भारत में कर डाली है। प्रभास की इस फिल्म की कमाई ने बॉक्स ऑफिस पर पठान और जवान जैसी फिल्मों को रौंद डाला है। आइए जानते हैं रविवार को फिल्म ने कितनी कमाई की है। प्रभास और श्रुति हासन की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। साल 2023 ने जाते-जाते भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के नाम एक ऐसी फिल्म कर दी है, जो कमाई के मामले में रोज नया इतिहास रचने जा रही है। हालांकि, ओपनिंग की बात करें तो प्रभास की सालार अभी उनकी पिछली फिल्म बाहुबली का रेकॉर्ड नहीं तोड़ पाई। सालार ने तीन दिनों के भीतर ही 200 करोड़ का आकड़ा पार कर लिया है।

पठान और जवान को सालार ने दी धोबी पछाड़

बता दें कि करीब 250 करोड़ के बजट में बनी प्रभास की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। ये कलेक्शन इस साल बॉलीवुड की सबसे हिट फिल्म जवान को पछाड़ डाला है, जिसने तीन दिनों में 206.06 करोड़ का कलेक्शन किया था।

मल्टीस्टारर फिल्मों में नहीं काम करना चाहते नए हीरो

'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' जैसी धमाकेदार फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी मानते हैं कि हिंदी सिनेमा अब भी देश के बड़े तबके तक पहुंच नहीं पा रहा है। रोहित का ये भी कहना है कि हिंदी फिल्म जगत के शीर्षस्थ लोगों में एकता नही है और नई पीढ़ी के कलाकार मल्टीस्टारर फिल्मों में काम करने से झिझकते है। एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी याद दिलाते हैं कि पहले दो तीन हीरो के साथ कितनी फिल्में बनती थी। लेकिन, अब के मैनेजर भी ये बात नही समझते और अभिनेताओं को असुरक्षित महसूस करवाते हैं। सलमान खान, शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों ने भी मल्टी स्टारर फिल्मों में काम किया है। 'दृश्यम' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रोहित शेट्टी कहते हैं, 'हम सांस्कृतिक तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं। अगर हम जुड़ पाएं तो हिंदी सिनेमा एक सशक्त इंडस्ट्री होगी। हम बहुत मजबूत इंडस्ट्री हैं लेकिन हम अपनी कुशलता और शक्ति को पहचानने में असफल हैं। अगर हम साथ आएं तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। दर्शक हमसे प्रेम करते हैं और हम समाज में कई बदलाव ला सकते हैं। हम इस बारे में सोच ही नहीं रहे कि थियेटरों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए। सरकार के साथ मिलकर कैसे बदलाव लाया जाए? 140 करोड़ के देश में हम हम दस करोड़ लोगों तक भी पहुंचने में असमर्थ हैं।' रोहित शेट्टी इन दिनों अपने पुलिस यूनिवर्स की अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी खास किरदारों में नजर आएंगे। करीना कपूर फिल्म की हीरोइन हैं। इसके अलावा रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज 'द इंडियन पुलिस फोर्स' भी अगले साल ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है।

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है प्रभास की सालार, 162 करोड़ लेकर प्रशांत नील ने की डिजिटल डील

सालार की ओटीटी रिलीज डेट को लेकर अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स का दावा है कि कुछ हफ्तों बाद प्रभास और प्रशांत नील की फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। जानिए कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शक इसे देख पाएंगे। साथ ही सालार की ओटीटी राइट्स की जानकारी भी समझिए। आखिरकार प्रभास और प्रशांत नील की चर्चित फिल्म सालार पार्ट वन सीजफायर रिलीज हो ही गई है। जिसमें हाई ऑक्टेन एक्शन और मारकाट की खूब चर्चा हो रही है। वहीं दूसरी ओर सालार की ओटीटी रिलीज के लिए भी फैंस एक्साइटिड हो गए हैं। प्रभास का हर फैन जानना चाहता है कि आखिर सालार कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। तो अब इससे जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें सालार की डिजिटल रिलीज की डील की बात कही गई है। 22 दिसंबर 2023 को सालार सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। ये वो मौका है जब हिंदी बेल्ट में शाहरुख खान की डंकी भी एक दिन पहले ही सिनेमाघरों में दस्तक देती है। अब दो बड़ी फिल्मों में से फैंस किसे चुनते हैं ये इनके कलेक्शन से साफ साफ पता चलता है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सालार की डिजिटल रिलीज के लिए नेटफ्लिक्स के साथ डील हुई है। इसके लिए ओटीटी ने मेकर्स को भारी-भरकम रकम भी अदा की है। यानी ये कि सालार थिएट्रीकल रिलीज के बाद नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है। हालांकि अभी तक इस बारे में ऑफिशियल डिटेल सामने नहीं आई है।

कितने करोड़ में हुई सालार की ओटीटी डील

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सालार के ओटीटी राइट्स 162 करोड़ रुपये में बिके हैं। कहा जा रहा है कि सालार ने इस मामले में रिकॉर्ड बना लिया है। अभी तक किसी भी साउथ इंडियन प्रोजेक्ट को ओटीटी राइट्स में ऐसी भारी भरकम रकम नहीं मिली है।

कमांडो-3 के सेट पर विद्युत को सुनाया था क्रैक का आइडिया

हाल में विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल, नोरा फतेही, एमी जैक्सन स्टारर फिल्म क्रैक- जीतेगा तो जिएगा का टीजर लॉन्च हुआ। एक्सट्रीम स्पोर्ट्स जोनर की इस फिल्म के डायरेक्टर आदित्य दत्त हैं। फिल्म की 90 पर्सेंट शूटिंग पोलैंड और 10 पर्सेंट मुंबई में हुई है। स्टार्स और कुत्ते-भेड़िए के साथ शूट हुई इस एक्शन फिल्म की मेकिंग आदि के बारे में डायरेक्टर आदित्य दत्त ने बातचीत की।

साल 2019 में विद्युत जामवाल के साथ कमांडो-3 शूट कर रहा था, उस समय क्रैक- जीतेगा तो जिएगा का आइडिया विद्युत के साथ शेयर किया था। विद्युत को कहानी का आइडिया बेहद पसंद आया था। उन्होंने कहा कि इसे साथ मिलकर बनाते हैं। वहां से बात शुरू हुई और हमने स्क्रिप्ट लिखी। इस आइडिया को डेवलप करते-करते लॉकडाउन लग गया। उस दौरान इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू कर दिया था। तकरीबन दो-तीन साल इसकी स्क्रिप्ट लिखने में लग गए। एक्शन को नए जोन के अंदर लेकर जाना था, क्योंकि यह फिल्म लीगल एक्सट्रीम स्पोर्ट्स पर आधारित है। इसमें अपनी जान दांव पर लगाने वाला खेल है, इसलिए फिल्म का नाम क्रैक- जीतेगाज्तो जिएगा रखा है। यह गेम के अंदर का बहुत बड़ा रूल है। इसमें साइकिलिंग, स्केटिंग, माउंटेन क्लाइंबिंग, स्काई डाईविंग आदि ऑटोमेटिक एक्सट्रीम स्पोर्ट्स की चीजें दिखेंगी। इसमें मार-धाड़ कम और एक्सट्रीम स्पोर्ट्स की दुनिया ज्यादा है।

इस फिल्म का ज्यादातर हिस्सा पोलैंड में और कुछ हिस्सा मुंबई में शूट किया गया है। यह मुंबई और पोलैंड की कहानी है। यह 90 पर्सेंट पोलैंड की फिल्म है। दरअसल कहानी मुंबई से शुरू होती है और फिर पोलैंड जाती है। मेरे हिसाब से फिल्म 67 से 70 दिनों में शूट की गई है। क्रैक के पोस्ट प्रोडक्शन पर अभी काम चल रहा है। जल्द ही समय पर रिलीज के लिए फिल्म तैयार हो जाएगी।

फिल्म में कुत्ते और भेड़िए दिखाई देंगे

फिल्म में कुत्ते और भेड़िए, दोनों मिक्स हैं। कुत्ते और भेड़िए को पोलैंड में ट्रेन किया है। वहां पर इनकी ट्रेनिंग में दो महीने का वक्त लगा। उसके बाद फिल्म शूट की गई। भेड़िए और कुत्तों को मिलाकर फिल्म में तकरीबन 200 जानवर इस्तेमाल किए गए हैं। जानवरों को हैंडल करना काफी मुश्किल काम होता है। अब्रॉड में एक आदमी दस-दस, बीस-बीस जानवरों को हैंडल करता है। इसमें जानवरों की शूटिंग बड़े प्लानिंग के साथ की गई है। उनके साथ दो-तीन घंटे से ऊपर शूट नहीं कर सकते। यह सब रिस्ट्रिक्शन रहते हैं। उस प्रोटोकॉल के हिसाब से हमने भी शूट किया।

एक्शन सीन के लिए स्टार्स को दो महीने की ट्रेनिंग दिलाई गई थी

फिल्म में काम करने वाले स्टार्स को काफी ट्रेनिंग दिलाई गई है। कम से कम दो से तीन महीने इनकी ट्रेनिंग में लगे होंगे। टीजर में जानवरों के साथ एक्शन सीन है, पारकर, साइकिलिंग, स्पीड कंट्रोल, जंपिंग आदि काफी सारी चीजों की ट्रेनिंग दी गई है। ऐसी फिल्म शूट करने के लिए एक्टर, डायरेक्टर सहित पूरे क्रू मेंबर को फिजिकल स्ट्रेंथ की जरूरत होती है। इसमें ऐसा ड्रामा सीन नहीं होता कि एक्टर आए और परफॉर्म करके चले गए।

विद्युत जामवाल अपने एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने सारे एक्शन सींस खुद किए हैं। अगर उनको बताया जाता था कि कोई सीन अनसेफ है, तो इस पर वे कहते थे कि मैं इसके लिए ही जाना जाता हूं। ये मेरा टैलेंट है। उनका मानना है कि अगर कोई सीन एक स्टंटमैन कर सकता है, तब मैं भी कर सकता हूं। अगर वह करने वाला है, तब उससे अच्छा मैं ही अपना शॉट कर लूं। बड़े पर्दे पर अपने दर्शकों और फैंस को जो रियल दिखाने में मजा है, वह डुप्लीकेट में कहां हैं। कहानी लिखने के दौरान स्टार के चेहरे सामने आते रहते हैं। अर्जुन रामपाल टैलेंटेड और सीनियर एक्टर हैं। नोरा फतेही अपनी डांस के लिए जानी जाती हैं, पर बहुत टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। नोरा फतेही और एमी जैक्सन इस कहानी की दुनिया की दो महत्वपूर्ण पार्ट हैं। दोनों ने अपने रोल को बड़े बखूबी तरीके से निभाया है। टूटे एंकल के साथ विद्युत ने फिल्माया एक्शन सीन यह किस्सा शूटिंग के बीच का है। शूटिंग के तीन दिन पहले रिहर्सल के दौरान विद्युत के एंकल में गहरी चोट लग गई थी। हम लोगों को शूट करना ही था, क्योंकि फॉरेनर की क्रू मेंबर आदि सारे लोग आ चुके थे। उनको वापस भेज नहीं सकते थे। ऊपर से साइकिलिंग का शॉट था। यह कुल चार दिनों की शूटिंग थी। लेकिन विद्युत ने चार दिनों तक एंकल टूटे होने का अहसास तक नहीं कराया। उन्होंने कभी नहीं कहा कि यह शॉट ऐसे मत लो या फिर ऐसा कुछ कर लो। वे सेट पर ऐसे आते थे, जैसे उन्हें कुछ हुआ ही नहीं हो। उन्होंने बतौर डायरेक्टर मुझे कभी झिझक नहीं फील कराया। उनका कहना था कि जो भी करो, ठीक से करो, क्योंकि यह एक्शन सीक्वेंस एक ही दफा होने वाला है। यह सीक्वेंस एकदम सही होना चाहिए।

सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है कांस्पिरेसी गोधरा

सत्य घटना से प्रेरित फिल्म एक्सीडेंट या कांस्पिरेसी गोधरा के निर्माता बी.जे. पुरोहित और निर्देशक एम.के. शिवाक्ष हैं। मुख्य किरदार रणवीर शौरी, मनोज जोशी, हितु कनोडिया, डेनिशा घुमरा, अक्षिता नामदेव, गुलशन पाण्डेय, गणेश यादव, राजीव सुरति आदि ने निभाया है। फिल्म का विषय गोधरा कांड की जांच के लिए गठित की गई नानावटी जांच आयोग की जारी रिपोर्ट पर आधारित है। इसके जरिए निर्माता घटना की सच्चाई बताना चाहते हैं। फिल्म संदेश देती है कि दंगा हमेशा गलत होता है। ऐसी नौबत ही न आए कि कोई दंगा हो। हमारी पूरी टीम एक्सीडेंट या कांस्पिरेसी गोधरा' फिल्म के सब्जेक्ट पर पिछले पांच-छह साल से काम कर रही है। पहले गोधरा में ट्रेन बर्निंग और उसके बाद गुजरात दंगा हुआ। इन दोनों के लिए नानावटी मेहता इंक्वायरी कमीशन बैठा था, उसकी जो रिपोर्ट आई थी, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया था। बेसिकली, यह पूरी फिल्म नानावटी मेहता कमीशन बेस्ड कोर्ट रूम ड्रामा है। फिल्म का फ्लैशबैक दंगे के रीजन पर आती है और उसके बारे में इंक्वायरी करती है कि कैसे हुआ? कहाँ से यह उठा? इसके मास्टरमाइंड कौन थे? कौन प्लान किया था? इसके रिकॉर्डिंग विजुअल चलता है। फिल्म में बहुत सारी ऐसी चीजें भी हैं, जो पब्लिक डोमेन में नहीं हैं, पर उनका प्रूफ हमारे पास है। हम किसी के सपोर्ट या खिलाफ में फिल्म नहीं, बल्कि सच पर बनायी हैं, इसलिए बोला कि यह इंक्वायरी कमीशन पर बेस्ड फिल्म है।

रणबीर की मां का रोल निभाने वालीं चारु शंकर ने अपने किरदार को लेकर की बात

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अनिल कपूर की प्रमुख भूमिकाओं वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त हिट साबित हुई है। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की सोशल मीडिया पर जबर्दस्त चर्चा हो रही है। कई लोग फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। तो कई इसकी आलोचना कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर की मां का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री चारु शंकर ने हाल ही में बताया कि उन्होंने रणबीर से एक साल बड़ी होने के बावजूद यह भूमिका क्यों निभाई। चारु शंकर ने हाल ही में एक बातचीत में बताया, हम दोनों में केवल एक साल अंतर है। उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के तौर पर मैं ये किरदार करने से क्यों मना करूंगी। यह एक मौका था, जो बेहद ही रोमांचक मौका था। मैं कलाकारों को जानती थी, जब संदीप ने कहानी सुनाई तो मुझे पता चला कि फिल्म क्या है। मुझे लगा कि यह बहुत दिलचस्प है, बहुत अलग है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं चाहता हूं कि आप मेरी फिल्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मैं चाहता हूं कि आप फिल्म में बहुत जल्दी यह स्थापित कर दें कि फिल्म का केंद्रीय संघर्ष क्या है। फिल्म में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अनिल कपूर के अलावा तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म से तृप्ति के कई बोल्ड सीन वायरल हुए। एनिमल शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। एनिमल पहले ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बहुत बड़ा फैसला, 75 हजार फ्लैट बॉयर्स को मिलेगा लाभ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों के 117 प्रोजेक्ट में करीब 75 हजार फ्लैट खरीदारों को आशियाना दिलाने के मकसद से प्राधिकरण बोर्ड ने मंगलवार को बहुत अहम फैसला लिया है। औद्योगिक विकास आयुक्त व नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित 133वीं बोर्ड बैठक में अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू करने पर शासन से जारी शासनादेश को अंगीकृत करने पर मुहर लग गई है। इससे बिल्डर परियोजनाओं को पूरा करने के लिए शून्यकाल का लाभ, बकाया जमा करने के लिए समयावधि, मोर्टगेज परमिशन, प्रचलित एफएआर को क्रय करने, परियोजना पूरी करने के लिए समय वृद्धि का लाभ मिल सकेगा, जबकि फ्लैट खरीदारों को तीन माह में रजिस्ट्री, अतिरिक्त पैसा नहीं देने समेत कई लाभ मिलेंगे। हालांकि शर्तों का उल्लंघन करने पर बिल्डरों को लाभ नहीं मिल सकेगा। इस बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व नोएडा के सीईओ डॉ एम लोकेष समेत तीनों प्राधिकरणों व बोर्ड के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई है।

दरअसल, नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से शासनादेश जारी किए गए। इन सिफारिशों को लागू करने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 26 दिसंबर को आयोजित बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखे गए। फ्लैट खरीदारों को घर दिलाने के मकसद से प्राधिकरण चेयरमैन व बोर्ड के अन्य सभी सदस्यों ने इसे अंगीकृत करने पर तत्काल सहमति दे दी। अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिहाज से कई राहत का ऐलान किया गया है। कोरोना महामारी के तहत बिल्डरों को 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक शून्य काल का लाभ दिया जाएगा। ओखला बर्ड सेंचुरी के 10 किलोमीटर के दायरे में एनजीटी के आदेशों के क्रम में 14 अगस्त 2013 से 19 अगस्त 2015 तक जीरो पीरियड का लाभ मिलेगा। यह केस टू केस पर लागू होगा। शून्यकाल का लाभ लेने के बाद बकाया धनराशि का 25 प्रतिशत 60 दिनों के भीतर जमा करना होगा। शेष 75 प्रतिशत पैसा साधारण ब्याज के साथ तीन साल में जमा करना होगा। अब को-डेवलपर को परियोजना पूरी करने की अनुमति मिल सकेगी। प्राधिकरण की बकाया धनराशि देने की जिम्मेदारी दोनों की होगी।

परियोजना की अनुपयुक्त भूमि को आंशिक सरेंडर करने की अनुमति होगी। प्राधिकरण सरेंडर की गई भूमि के लिए पहले से भुगतान की गई राशि को बिल्डर के बकाए

के साथ समायोजित करेंगे। प्राधिकरण का बकाया पैसा न देने पर आंशिक भाग का आवंटन रद्द कर सकेगा। बकाया राशि का सत्यापन एक स्वतंत्र सीए करेगा। इस पॉलिसी से लाभान्वित परियोजना के बायर्स से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी नियमों को पूरा करने के बाद प्रचलित दर पर अतिरिक्त एफएआर दिया जा सकेगा। परियोजना को पूरा करने के लिए समय विस्तार शुल्क के बिना अधिकतम तीन वर्ष मिलेगा। कुल ड्यूज के सापेक्ष 25 धनराशि जमा करने पर पीटीएम की अनुमति दी जाएगी। बकाया भुगतान अधिकतम तीन साल में जमा करना होगा। सौ करोड़ रुपये तक के बकाये की राशि एक वर्ष के अंदर जमा की जाएगी। 500 करोड़ रुपये तक की राशि दो वर्षों में तथा इससे अधिक धनराशि तीन वर्ष में अदा करनी होगी। ड्यूज का 25 फीसदी धनराशि जमा करने के लिए 60 दिन का समय मिलेगा। औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की इस पहल से खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी। सभी बने हुए फ्लैट की ओसी-सीसी हो जाएगी। फ्लैटों में रहने वाले खरीदारों के नाम जल्द रजिस्ट्री हो जाएगी। इससे खरीदारों को मालिकाना हक मिलेगा।

प्राधिकरणों के ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्टों पर समिति की सिफारिशें लागू होंगी। ग्रुप हाउसिंग में यदि वाणिज्यिक हिस्सा है तो उसमें भी लागू होगा। टाउनशिप डेवलपमेंट प्रोजेक्ट भी इसके दायरे में रहेंगे। ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट अगर एनसीएलटी अथवा कोर्ट में हैं तो वह इस पैकेज का लाभ तभी ले सकते हैं, जब वह अपना केस वापस लेंगे, लेकिन स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, रिक्रिएशन एंटरटेनमेंट पार्क योजना में शामिल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्टों पर ये सिफारिशें लागू नहीं होंगी। इसके अलावा व्यावसायिक, संस्थागत और औद्योगिक परियोजनाओं में ये सिफारिशें मान्य नहीं होंगी। बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मेधा रूपम, अमनदीप डुली, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा गर्ग, आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, यीडा की एसीईओ श्रुति समेत सभी वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

20 हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंडों के रेट बढ़ाने पर सहमति

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने 20 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों की दरों में औसतन 12 फीसदी वृद्धि को मंजूरी दे दी है। 1000 वर्ग मीटर तक के सभी श्रेणी के भूखंडों की कीमत 29238 रुपये प्रति वर्ग मीटर करने पर सहमति बन गई है। इसी तरह 1001 वर्ग मीटर से लेकर 20,000 वर्ग मीटर तक सभी श्रेणी के भूखंडों की कीमत 23975 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दी गई है। शेष आकार वाले भूखंडों की श्रेणी और कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्टों में विजिटर्स पार्किंग अनिवार्य

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्टों में विजिटर्स पार्किंग 5त्न अनिवार्य करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एकल भवनों में भी सिंगल पार्किंग जरूरी है। इससे सोसाइटियों में विजिटर्स की पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद हल हो जाएंगे। यह व्यवस्था नए और पुराने, सभी प्रोजेक्टों पर लागू होंगे। इस प्रावधान पर जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव मांगे जाएंगे। उसके बाद अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

औद्योगिक, आईटी व संस्थागत इकाइयों को बोर्ड से राहत

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने निवेश व रोजगार को ध्यान में रखते हुए अब तक कंप्लीशन व फंक्शनल सर्टिफिकेट न ले पाने वाली औद्योगिक, आईटी व आईटीईएस को बडी राहत दे दी है। इन इकाइयों को कंप्लीशन सर्टिफिकेट व फंक्शनल सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए 31 दिसंबर 2024 तक का समय दे दिया है। इसका लाभ लेने के लिए इन इकाइयों को निर्धारित शुल्क देना होगा। बोर्ड ने संस्थागत इकाइयों को भी बड़ी राहत दे दी है। अब तक पंजीकरण न करा पाने वाली इकाइयों को सशुल्क 31 दिसंबर 2024 तक का समय दे दिया है। इसी तरह मानचित्र स्वीकृति व कंप्लीशन के लिए सशुल्क 31 दिसंबर 2025 तक का समय दिया गया है।

बकाया जल मूल्य पर ओटीएस योजना

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने पानी के बकायेदारों को भी बड़ी राहत दे दी है। बोर्ड ने 31 मार्च 2024 तक की लंबित देय जल मूल्य धनराशि पर कार्यालय आदेश जारी होने की तिथि से 31 जनवरी 2024 तक डिफॉल्ट धनराशि जमा करने पर कुल ब्याज में 40 फीसदी छूट मिलेगी। इसी तरह 01 फरवरी से 29 फरवरी तक जमा करने पर 30 फीसदी और एक मार्च से 31 मार्च 2024 तक जमा करने पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। प्राधिकरण का पानी के बकायेदारों पर करीब 34 करोड़ रुपये बकाया हैं।

सभी सेक्टरों में गंगाजल पहुंचाने के निर्देश

ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड ने गंगाजल परियोजना की भी समीक्षा की। चेयरमैन ने इस परियोजना पर तेजी से काम करते हुए सभी सेक्टरों तक शीघ्र गंगाजल पहुंचाने के निर्देश दिए। अब तक करीब 40 सेक्टरों में गंगाजल पहुंच चुका है।

आवसीय योजना 2010 के 231 आवंटियों को राहत

सेक्टर जीटा टू में आरपीएस 02 आवसीय योजना 2010 के 231 आवंटियों की तरफ से जमा धनराशि को वापस किए जाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। लंबे समय से इंतजार कर रहे इस योजना के आवंटियों को बडी राहत मिल जाएगी।

आवासीय संपत्तियों के कार्यपूर्ति प्रमाणपत्रों के नियमों में ढील

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने एकल आवासीय भवनों के लिए कंपनशनेट ग्राउंड पर कार्यपूर्ति प्रमाणपत्रों के नियमों में राहत देने का निर्णय लिया है। मूल आवंटी की मृत्यु होने पर उनके वारिसानों ने कार्यपूर्ति की प्रक्रिया को पूरी नहीं की। इसी तरह मूल आवंटी की तरफ से कार्यपूर्ति के लिए आवेदन करने के पश्चात गंभीर बीमारी होने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। सेना या फिर अर्द्धसैनिक बलों के कार्यरत अधिकारी या कर्मचारी संवेदनशील जगहों पर ड्यूटी के चलते कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र नहीं ले सके। ऐसे सभी प्रकरणों में आवेदकों से आवेदन की तिथि के बाद समय विस्तरण सर्टिफिकेट नहीं लिया जाएगा।

तीनों प्राधिकरणों की एसओपी जल्द

नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की एसओपी जल्द बनाने की योजना है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मैसर्स सार्क एसोसिएट्स को तीनों प्राधिकरणों की नीतियों, नियम और विनिमय में समरूपता लाने की जिम्मेदारी दी है। इससे आवंटियों को बहुत सुविधा हो जाएगी।

प्राधिकरण व सीआरआरआई के मध्य एमओयू जल्द

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बीच एमओयू करने के लिए सहमति दे दी है। सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में आधुनिक तकनीक के जरिए सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने, वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनवाने, सड़कों का थर्ड पार्टी के रूप में असिस्मेंट करने, ट्रैफिक की प्लानिंग आदि में प्राधिकरण का सहयोग करेगा।

किसानों को 10 फीसदी प्लॉट विकसित मिलेंगे

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंगलवार को बैठक में किसानों के लिए राहत का पिटारा खोल दिया है। प्राधिकरण ने किसानों सुप्रीम कोर्ट व उच्च न्यायालयों के आदेशों पर 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा पाने वाले किसानों को 10 फीसदी विकसित आबादी भूखंड दिए जाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने सहमति दे दी है। अब इसे शासन के पास भेजा जाएगा। वहां से अनुमोदन के उपरांत इसे लागू किया जाएगा। किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की तरफ से चेयरमैन मनोज कुमार सिंह के समक्ष इस प्रस्ताव को रखा गया, जिस पर चेयरमैन ने इसे तत्काल स्वीकार कर लिया। अब इस पर अनुमोदन के लिए षासन को भेजा जाएगा। वहां से अप्रूवल के बाद किसानों को अधिग्रहित जमीन का 10 फीसदी (अधिकतम 2500 वर्ग मीटर) मिल सकेगा। इससे लंबे समय से किसानों की लंबित मांग पूरी हो जाएगी। पात्र किसानों को आरक्षण पत्र जारी किए जाएंगे।

विकसित भूखंड का आवंटन शीघ्र भूमि अर्जित कर दिया जाएगा। अगर किसी पात्र किसान ने अवैध कब्जा कर रखा है तो उसे स्वेच्छा से अवैध कब्जा हटा लेने के बाद ही भूमि का आवंटन किया जाएगा। किसानों को शपथ पत्र देना होगा कि उनके पास आरक्षित या आवंटित भूखंड 2500 वर्ग मीटर से अधिक नहीं है। इस बाबत किसान की तरफ से अगर कोई याचिका या फिर विषेष अनुज्ञा अपील की गई है तो उसे वापस लिया जाएगा। बोर्ड ने इस प्रस्ताव को शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।

किसानों की दूसरी मांग पर प्राधिकरण बोर्ड ने आपसी सहमति से भूमि विक्रय करने वाले किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत परियोजना प्रभावित मानकर उन्हें भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन के हिसाब से उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (नये भूमि अधिग्रहण कानून) के तहत लाभ दिए जाने पर सकारात्मक फैसले के लिए शासन के पास भेजने पर हरी झंडी दे दी है।

किसानों की तीसरी मांग के रूप में प्राधिकरण बोर्ड ने वेंडिंग जोन में किसानों को 33 फीसदी आरक्षण के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा किसानों की ही मांग पर प्राधिकरण बोर्ड ने लीज बैक के 533 में से शासन से अनुमोदित 296 पात्र किसानों को लीज बैक करने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। जल्द ही पात्र किसान लीज बैक करा सकेंगे। इन फैसलों से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिल सकेगा।

टोल फ्री नंबर पर दें नशे का कारोबार करने वालों की जानकारी : मनीष वर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश

लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोर्डिनेशन मैनेजमेंट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति व कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों से कहा कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने में आपकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है, आप सभी अपने-अपने कॉलेजों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं और अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में नशा मुक्ति को लेकर छात्रों को शपथ दिलाई जाए और नशा मुक्ति पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक आयोजित करायी जाए तथा प्रत्येक कॉलेज में टास्क फोर्स समिति का गठन किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि आप सभी अपने कालेजों में निरंतर मॉनिटरिंग करें और यदि कोई भी व्यक्ति कॉलेज के आसपास नशे के अवैध कारोबार में लिप्त हो तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 8882120733 या संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध करायें। आपकी पहचान गोपनीय रखते हुए संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, इंटेलिजेंस ऑफीसर एनसीबी पूर्णिमा, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से डॉक्टर श्वेता सिंह, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

बलात्कार व धर्मपरिवर्तन कराने का आरोपी दबोचा

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 63 पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, बलात्कार

करने तथा धर्म परिवर्तन करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ युवती के पिता ने बीते दिनों नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थाना प्रभारी प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 23 दिसंबर को एक व्यक्ति ने अपनी 18 वर्षीय बेटी के अपरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने पड़ोस में रहने वाले युवक इकबाल पुत्र नसीम अख्तर पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद कर लिया था। युवती ने अपने बयान के दौरान इकबाल द्वारा बलात्कार किए जाने तथा धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार व 3/5 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा की बढ़ोतरी की गई। पकड़े गए आरोपों को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जगह-जगह मनाया गया वीर बाल दिवस

नोएडा (चेतना मंच)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंगलवार को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया।

भाजपा नोएडा ने भी आज वीर बाल दिवस को सभी मंडलों में आयोजित किया जहां हर मंडल में सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सैनिक विहार मण्डल के आदर्श ज्ञान वाटिका स्कूल, सेक्टर-45 में नवाब सिंह नागर पूर्व मंत्री रहे ।

महाराणा प्रताप मण्डल के एस.ए.एन. पब्लिक स्कूल, चौड़ा में मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा रहे।

सरस्वती शिशु मण्डल के धवलगिरी, सैक्टर-11 में श्री योगेन्द्र चौधरी पूर्व ज़िलाध्यक्ष रहे।

शहीद भगत सिंह मण्डल के छठ पूजा घाट, सैक्टर-110 में श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी मण्डल के सामुदायिक केन्द्र, सैक्टर-122 में कै0 विकास गुप्ता, अध्यक्ष, कृषि अनुसंधान रहे।

पंडित दीनदयाल उपोध्याय मण्डल के गुरूद्वारा, सैक्टर-25 में मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष रहे।

कृष्णा नगर मण्डल के साक्षी पब्लिक स्कूल,

छिजारसी में बिजेन्द्र नागर, क्षेत्रीय मंत्री रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी मण्डल के चौधरी फार्म हाउस, बरौला में जुगराज चैहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रहे।

कार्यक्रमों में मण्डल अध्यक्ष कल्लू सिंह, गोपाल गौड़, लोकेश कश्यप, बबलू यादव, पंकज झा, अशोक मिश्रा, सूरज पाल राणा, महामंत्री उमेश त्यागी, कार्यक्रम संयोजक और उपाध्यक्ष महेश अवाना गिरजा सिंह, उमेश यादव, एसपी चमोली, ओमवीर अवाना, प्रदीप चौहान, संजय बैंसला, दीपक शर्मा, गौतम शर्मा, वाई पी सिंह, महेंद्र कटारिया, देवेंद्र शर्मा, गोविंद कोरंगा सहित जिला व मंडल के अन्य पदाधिकारगण उपस्थित रहे।